सत्यमेव जयते

fssai

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण





वार्षिक प्रतिवेदन 2011-12

विषय सामग्री

क्र. सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
1	सिंहावलोकन	1
2	खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की प्रमुख विशेषताएं	3-5
3	खाद्य संरक्षा एवं मानक विनियमावली, 2011	7
4	शासनादेश और संरचना – प्राधिकरण, केंद्रीय सलाहकार समिति, वैज्ञानिक समिति, वैज्ञानिक पैनल	8-17
5	प्रशासन और मानव संसाधन	18
6	परिणाम संरचना दस्तावेज (2011–12)	19-32
7	एफएसएस अधिनियम, 2006 के कार्यान्वयन के संबंध में राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों की प्रगति	33-39
8	प्रवर्तन	40-43
9	प्रयोगशालाएं	47-51
10	कूटलिपि मामले	52-53
11	आयातित खाद्य की संरक्षा	54-59
12	प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण	60-62
13	सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी)	63-64
14	ई–शासन और पुस्तकालय	65
15	आरटीआई मामले	66
16	वित्तीय विवरण	67-100



सत्यमेव जयते

सुरक्षित खाद्य द्वारा स्वस्थ भारत का निर्माण

खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन प्रतिष्ठापित किया है। यह बहु–स्तरीय, बहु–विभागीय नियंत्रण से अधिकार की एकल रेखा की ओर बढ़ते हुए खाद्य संरक्षा एवं मानकों संबंधी सभी मामलों के लिए एक एकल संदर्भ बिन्दु है। एफएसएसएआई की स्थापना खाद्य वस्तुओं के लिए विज्ञान आधारित मानक निर्धारित करने तथा उनका विनिर्माण, भंडारण, वितरण, विक्रय तथा आयात नियंत्रित करने हेतु की गई है, ताकि मानव उपभोग के लिए सुरक्षित और सम्पूर्ण खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

fssai

Food Safety and Standards Authority of India

✆Help line No : 1800-11-2100

wwe.fssai.gov.in

fssai

सिंहावलोकन

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के इतिहास में वर्ष 2011–12 खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम (एफएसएसए), 2006 को प्रचालनशील बनाने के तात्कालिक लक्ष्य को साकार करने की दिशा में तेजी के साथ अनेक उपलब्धियां हासिल करने का वर्ष था। विभिन्न पणधारकों से प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर खाद्य संरक्षा एवं मानक नियम, 2011 तथा विनियम,2011 को अंतिम रूप दिया गया तथा उद्योग, उद्योग संघों – एफआईसीसीआई, सीआईआई, ऐसोचैम तथा व्यापार, उपभोक्ता संघों तथा केन्द्रीय सलाहकार समिति (सीएसी) में विभिन्न राज्यों/केन्द्र सरकार के संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न मंचों में काफी विचार विमर्श के पश्चात अधिनियम की द्वितीय अनुसूची में अधिसूचित सभी पूर्व खाद्य आदेश रद्द करते हुए दिनांक 5.08.2011 की प्रभावी तिथि से खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम (एफएसएसए), 2006 के कार्यान्वयन हेतु खाद्य संरक्षा एवं मानक नियमावली, 2011 तथा खाद्य संरक्षा एवं मानक विनियम, 2011 (एफएसएसआर) को अधिसूचित किया गया।

(1) खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954

(2) फल उत्पाद आदेश, 1955

(3) मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973

(4) वनस्पति तेल उत्पाद (नियंत्रण) आदेश, 1947

(5) खाद्य तेल पैकेजिंग (विनियमन) आदेश, 1998

(6) विलायक निष्कर्षित तेल, वि–तेलीकृत आहार और खाद्य आटा (नियंत्रण) आदेश, 1967

(7) दुग्ध और दुग्ध उत्पाद आदेश, 1992 इत्यादि

(8) खाद्य से संबंधित अनिवार्य वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10) के अधीन जारी कोई अन्य आदेश।

खाद्य संरक्षा मानक अधिनियम, 2006



एफएफएस अधिनियम के नए प्रावधान

- कार्यात्मक खाद्य, अनुपूरक, न्यूट्रास्युटिकल्स शामिल
- आवेदन के 2 माह के भीतर लाइसेंस जारी
- पदनामित अधिकारियों द्वारा सुधार सूचना का प्रावधान
- अभियोजन अपराध के 1 वर्ष के भीतर होना चाहिए
- संक्षिप्त सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय
- पीड़ितों को क्षतिपूर्ति (चोट/गंभीर चोट/मृत्यु के किसी मामले में)
- राज्य सरकार द्वारा सूचनादाताओं (उल्लंघनकर्ताओं – अपमिश्रण इत्यादि के बारे में सूचना) को पुरस्कार
- एक क्षेत्र के अंतर्गत यूनिट (टों) के लिए एक संयुक्त लाइसेंस
- स्व नियंत्रण को प्रोत्साहन तथा विनिर्दिष्ट खाद्य संरक्षा प्रबंधन प्रणालियों का अनुपालन
- छोटे खाद्य व्यवसाय प्रचालकों के लिए कोई लाइसेंस नहीं; केवल पंजीकरण
- उच्च जोखिम आइटमों के लिए प्राधिकरण से केन्द्रीय लाइसेंसिंग
- कानून का विअपराधीकरण तथा वादों का त्वरित निपटान
- नमूने प्रत्यायित प्रयोगशालाओं को भेजने के विकल्प द्वारा प्रयोगशाला परिणामों के विरोध का अधिकार

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

वेबसाइट : fssai.gov.in

टोल फ्री हेल्पलाइन नं. 1800 11 2100

खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की प्रमुख विशेषताएं

❖ खाद्य संबंधी कानूनों को मजबूती प्रदान करने के लिए एक एकल अधिनियम बनाने पर लम्बे समय से काम चल रहा था तथा केन्द्र सरकार ने 2002 के बजट भाषण में अपने इरादे की घोषणा कर दी थी। यह कार्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय को सौंपा गया था, जिसके द्वारा खाद्य संरक्षा एवं मानक विधेयक, 2005 प्रारंभ किया गया, जिसको अंततः संसद द्वारा खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के रूप में अधिनियमित किया गया और 23.08.2006 को राष्ट्रपति की मंजूरी प्राप्त होने के पश्चात दिनांक 24.08.2006 को भारत का राजपत्र (असाधारण) भाग II खण्ड 1 में प्रकाशित किया गया। इसका प्रारूप विभिन्न पणधारकों के साथ परामर्श और अंतर मंत्रालयी समूहों तथा स्थायी संसदीय समिति की बैठकों में चर्चाओं/विचार–विमर्श श्रृंखला तथा मंत्रियों के समूह से मंजूरी के उपरांत तैयार किया गया था; यह प्रारूप जनता से टिप्पणियां मांगने हेतु अधिसूचित किया गया था।

❖ खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 में मानव उपभोग के लिए तथा उनके साथ संबद्ध उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित तथा पौष्टिक खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विनिर्माण, भंडारण, वितरण, विक्रय तथा आयात नियंत्रण की कल्पना की गई है। यदि कोई एफबीओ इस अधिनियम के प्रारंभन पर रद्द किए गए किसी भी खाद्य कानून/आदेश के तहत वर्तमान लाइसेंस/पंजीकरण का धारक है, तो संबंधित एफबीओ आवश्यक पंजीकरण/लाइसेंस शुल्क का भुगतान कर विद्यमान लाइसेंस या पंजीकरण को बिना किसी परेशानी के खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम में पंजीकरण या लाइसेंस के रूप में परिवर्तित करवा सकते हैं।

❖ छोटे–मोटे **एफबीओ'ज का पंजीकरण** – छोटे–मोटे एफबीओ से न्यूनतम सफाई तथा स्वच्छता अपेक्षाओं की पूर्ति सुनिश्चित करने की उम्मीद की जाती है तथा इन यूनिटों को खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य व्यवसाय का लाइसेन्सीकरण एवं पंजीकरण), 2011 के दायरे से बाहर रखा गया है। तथापि, ऐसी यूनिटों को पंजीकरण के दायरे के तहत लाया गया है (विनियम 2.1.1) जो पहले विद्यमान नहीं था, ताकि एक डेटाबेस तैयार किया जा सके और ऐसी सभी यूनिटों की नियामक जांच की जा सके जो खाद्य वस्तुओं के उत्पादन और अबोध उपभोक्ताओं को आपूर्ति में संलग्न थे तथा देर रात तक काम करती थीं, जबकि कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती थी। सभी विनिर्माण यूनिटों, चाहे छोटी हों या बड़ी, से जनता को सुरक्षित खाद्य उत्पाद आपूर्ति करने/तैयार करने की उम्मीद की जाती है। छोटे–मोटे एफबीओं के पंजीकरण के लिए पंजीकरण शुल्क रू. 100/– प्रति वर्ष निर्धारित किया गया है तथा पंजीकरण प्रक्रिया भी सरल बनाई गई है।



छोटे खुदरा, हॉकर, चल विक्रेता या अस्थायी स्टालधारक अथवा लघु स्तर या कुटीय अथवा खाद्य व्यवसाय से संबंधित ऐसा अन्य उद्योग या लघु खाद्य व्यवसाय आपरेटर को इस अधिनियम के तहत लाइसेंस प्राप्त करने से छूट दी गई है। परंतु खाद्य सुरक्षा के लिए पंजीकरण अनिवार्य है।

ऐसे खाद्य व्यवसाय आपरेटर जिनका वार्षिक टर्नओवर रू. 12 लाख से अधिक नहीं है तथा/अथवा जिनका :

क) खाद्य (दूध और दूध उत्पाद तथा मांस और मांस उत्पादों को छोड़कर) की उत्पादन क्षमता 100 किग्रा/लीटर प्रति दिन से अधिक नहीं है या

ख) दूध का उत्पादन या प्रापण या संग्रहण 500 लीटर प्रति दिन तक है या

ग) वध क्षमता 2 बड़े जानवर या 10 छोटे जानवर या 50 पोल्ट्री पक्षी प्रति दिन या उससे कम है

❖ **खाद्य संरक्षा अधिकारी की शक्तियां और दुरूपयोग हेतु दंडः** खाद्य संरक्षा अधिकारी को इस अधिनियम की धारा 38 की उप धारा 6 के तहत किसी खाद्य विनिर्माता अथवा वितरक/डीलर के अधिकार में अथवा एफबीओ के उपभोगाधीन किसी परिसर में कोई अपमिश्रण पाया जाता है जहां वह उसका हिसाब एफएसओ की संतुष्टि के अनुरूप देने में असमर्थ है, के विरूद्ध कार्यवाहीया अभियोजन प्रारंभ करने, बहीखाते या अन्य दस्तावेज इत्यादि जब्त करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं, परंतु एफएसओं द्वारा इस शक्ति का प्रयोग सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के साथ किया जाएगा। तथापि, यदि एफएसओं अपनी शक्ति का दुरूपयोग करता है, वह भी इस अधिनियम की धारा 39 के तहत दंड का भागी होगा जो रू. 1 लाख तक हो सकता है।

❖ **सिविल न्यायालय के न्यायाधिकारी की शक्तियां** : खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 68 न्याय प्रक्रिया से संबंधित है। न्यायाधिकारी (एओ) को धारा 68 की उप धारा 3 के तहत एक सिविल न्यायालय की शक्तियां प्रदान की गई हैं।

❖ **खरीदार/उपभोक्ता की खाद्य नमूना विश्लेषण कराने की शक्ति** : इस अधिनियम की धारा 40 किसी भी खाद्य वस्तु के खरीदार को खरीदने के समय पर ऐसी खाद्य वस्तुओं का विश्लेषण करवाने के अपने आशय की सूचना/जानकारी एफबीओ को देने और खाद्य संरक्षा तथा मानक (प्रयोगशाला एवं नमूनों के चयन का विश्लेषण) विनियमावली, 2011 के तहत निर्धारित खाद्य विश्लेषक/प्रयोगशाला को विश्लेषण प्रभार के रूप में रू. 1000/– अदा करके उनका खाद्य विश्लेषण करवाने हेतु सक्षम बनाती है। यह प्रावधान खरीदार/उपभोक्ता को शक्ति प्रदान करने हेतु बनाया गया है, क्योंकि खाद्य उत्पाद उसी के लिए बनाए जा रहे या बिक्री किए जा रहे हैं।

❖ दोषपूर्ण मार्का वाले खाद्य के लिए जुर्माना : दोषपूर्ण मार्का वाले खाद्य के लिए इस अधिनियम की धारा 52 के तहत जुर्माने की व्यवस्था दी गई है, जो 3 लाख रू. तक हो सकता है।



खाद्य संरक्षा एवं मानक विनियमावली, 2011

अधिनियम के कार्यान्वयन हेतु प्रारूप नियमावली तथा विनियमावली भी विभिन्न पणधारकों तथा राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श से तैयार की गई तथा जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करते हुए भारत का राजपत्र (असाधारण) भाग तीन , खण्ड 4 में दिनांक 20.10.2010 को प्रकाशित की गई। खाद्य संरक्षा एवं मानक विनियमावली, 2011 को अंतिम रूप देने से पहले उक्त प्रारूप विनियमों के संबंध में पणधारकों से प्राप्त आपत्तियों/सुझावों पर, आगे चर्चा की गई जो 01.08.2011 को कानून मंत्रालय तथा केन्द्र सरकार की स्वीकृति से 05.08.2011 की प्रभावी तिथि से इसके प्रवर्तन से पूर्व अधिसूचित किए गए थे।

(1) एफएसएस (खाद्य व्यवसाय का लाइसेंस तथा पंजीकरण) विनियमावली, 2011

(2) एफएसएस (पैकेजिंग तथा लेबलिंग) विनियमावली, 2011

(3) एफएसएस (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य संयोजी) विनियमावली, 2011 (भाग 1)

(4) एफएसएस (विक्रय निषेघ तथा प्रतिबंध) विनियमावली, 2011

(5) एफएसएस (संदूषक, विषैले तत्व और अवशेष) विनियमावली, 2011

(6) एफएसएस (प्रयोगशाला तथा नमूना विश्लेषण) विनियमावली, 2011

एफएसएसएआई का आदेश–पत्र और संरचना

खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 का अधिनियमन भारत सरकार द्वारा 24.08.2006 को यह बहु–स्तरीय, बहु–विभागीय नियंत्रण से अधिकार की एकल रेखा की ओर बढ़ते हुए खाद्य संरक्षा एवं मानकों संबंधी सभी मामलों के लिए एक एकल संदर्भ बिन्दु के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य के साथ किया गया था और वही उद्देश्य हासिल करने के लिए एक स्वतंत्र सांविधिक स्वायत्त प्राधिकरण – भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की स्थापना की गई।

भारत सरकार का स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का प्रशासनिक मंत्रालय है। एफएसएसएआई के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा की जाती है। प्राधिकरण का मुख्यालय नई दिल्ली में एफडीए भवन, कोटला मार्ग, नई दिल्ली – 110002 में अवस्थित है। श्री के. चन्द्रामौली ने 27 जनवरी, 2012 को एफएसएसएआई के अध्यक्ष कार्यभार ग्रहण किया। श्री वी. एन. गौड़ ने 23 फरवरी 2012 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पद त्याग दिया।

fssai

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का संघटन

खाद्य प्राधिकरण में एक अध्यक्ष और निम्नलिखित बाईस सदस्य होंगे जिनमें एक तिहाई महिलाएं होंगी, नामतः:–

(क) केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के निम्नलिखित मंत्रालयों अथवा विभागों के प्रतिनिधित्व हेतु सात सदस्य नियुक्त किए जाएंगे जो भारत सरकार के संयुक्त सचिव से कम पदस्तर के नहीं होंगे :–

(i) कृषि,

(ii) वाणिज्य,

(iii) उपभोक्ता,

(iv) खाद्य प्रसंस्करण,

(v) स्वास्थ्य

(vi) विधायी कार्य,

(vii) लघु स्तर उद्योग,

जो **पदेन** सदस्य होंगे;

(ख) खाद्य उद्योग के दो प्रतिनिधि जिनमें एक लघु स्तर उद्योग से होगा;

(ग) उपभोक्ता संगठनों से दो प्रतिनिधि;

(घ) तीन प्रख्यात खाद्य प्रौद्योगिकीविद् अथवा वैज्ञानिक;

(ङ) पांच सदस्य प्रत्येक तीन वर्ष के चक्रानुक्रम में नियुक्त किए जाएंगे, इनमें प्रत्येक जोन से क्रमानुसार एक सदस्य होगा जैसाकि राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व हेतु प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया गया है;

(च) किसानों के संगठनों के दो प्रतिनिधि;

(छ) खुदरा व्यापारियों के संगठनों का एक प्रतिनिधि।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी खाद्य प्राधिकरण के वैधानिक प्रतिनिधि और सदस्य सचिव भी हैं।

खाद्य प्राधिकरण के वर्तमान सदस्यों की सूची परिशिष्ट–1 में दी गई है।



खाद्य प्राधिकरण के कर्तव्य और कार्य

(1) खाद्य प्राधिकरण का कर्तव्य खाद्य के विनिर्माण, प्रसंस्करण, वितरण, बिक्री तथा आयात का नियंत्रण होगा ताकि सुरक्षित और पौष्टिक खाद्य सुनिश्चित किया जा सके।

(2) खाद्य प्राधिकरण, उप–धारा (1) को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना, विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट कर सकता है:–

(क) खाद्य वस्तुओं के संबंध में मानक और दिशानिर्देश तथा इस अधिनियम के तहत अधिसूचित विभिन्न मानकों के प्रवर्तन हेतु एक उपयुक्त प्रणाली का विनिर्देशन;

(ख) खाद्य संयोजियों, शस्य संदूषकों, पीड़कमारों, अवशेषों, पशु औषधियों के अवशेषों, भारी धातुओं, प्रसंस्करण साधनों, माइको–टॉक्सिन्स, प्रतिरक्षियों तथा भेषजीय सक्रिय पदार्थों और खाद्य प्रदीपनों के उपयोग हेतु सीमाएं;

(ग) खाद्य व्यवसाय हेतु खाद्य संरक्षा प्रबंधन प्रणालियों के प्रमाणन में संलग्न प्रमाणन निकायों के प्रत्यायन हेतु तंत्र और मार्गदर्शी सिद्धांत;

(घ) भारत में आयातित किसी खाद्य वस्तु के संबंध में प्रक्रिया तथा गुणवत्ता नियंत्रण प्रवर्तन;

(ङ) प्रयोगशालाओं के प्रत्यायन हेतु प्रक्रिया तथा मार्गदर्शी सिद्धांत और प्रत्यायित प्रयोगशालाओं की अधिसूचना;

(च) नमूना, विश्लेषण तथा प्रवर्तन अधिकारियों के बीच सूचना विनिमय की विधि;

(छ) देश में इस अधिनियम के प्रवर्तन तथा प्रशासन का सर्वे संचालन;

(ज) खाद्य लेबलिंग मानक जिसमें स्वास्थ्य, पोषण, विशेष आहार उपयोग हेतु दावे शामिल हैं और खाद्यों हेतु खाद्य संवर्ग प्रणालियां; तथा

(झ) जोखिम विश्लेषण, जोखिम आकलन, जोखिम संचार और जोखिम प्रबंधन की विधि और प्रक्रिया।

(3) खाद्य प्राधिकरण ––

(क) केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों को खाद्य संरक्षा तथा पोषण को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाले क्षेत्रों में नीतियों तथा नियमों की रचना में वैज्ञानिक सलाह तथा

तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराएगा;

(ख) प्रासंगिक वैज्ञानिक और तकनीकी डेटा की खोज, संग्रहण, सम्मिलन, विश्लेषण तथा सारांकन करेगा विशेषकर जो निम्नलिखित से संबंधित है ––

(i) खाद्य उपभोग तथा व्यक्तियों पर खाद्य उपभोग संबंधी जोखिमों का प्रभावन;

(ii) रोगापतन और जैविक जोखिम की विद्यमानता;

(iii) खाद्य में संदूषक;

(iv) विभिन्न संदूषकों के अवशेष;

(v) उद्भवशील जोखिमों की पहचान; तथा

(vi) त्वरित सतर्कता प्रणाली की शुरूआत;

(ग) जोखिम आकलन कार्यविधियों के विकास हेतु प्रोत्साहन देना, समन्वय करना तथा दिशानिर्देश जारी करना और खाद्य के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जोखिमों पर संदेश मॉनिटर तथा संचालित और केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों तथा खाद्य संरक्षा आयुक्तों को अग्रसारित करना;

(घ) खाद्य संरक्षा के संबंध में संकट प्रबंधन प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों को वैज्ञानिक तथा तकनीकी सलाह और सहायता प्रदान करना तथा संकट प्रबंधन के लिए एक सामान्य योजना तैयार करना और केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में स्थापित संकट इकाई के निकट सहयोग में काम करना;

(ङ) खाद्य प्राधिकरण के उत्तरदायित्व के भीतर क्षेत्रों में गतिविधियों के समन्वय, सूचना विनिमय, संयुक्त परियोजनाओं का विकास और कार्यान्वयन, कौशल और सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों के आदान–प्रदान द्वारा वैज्ञानिक सहयोग संरचना के सुसाध्यीकरण के उद्देश्य के साथ संगठनों के नेटवर्क की प्रणाली स्थापित करना;

(च) केन्द्र तथा राज्य सरकारों को अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग सुधार हेतु वैज्ञानिक और तकनीकी सहायता मुहैया कराना;

(छ) ऐसे सभी कदम उठाना जिससे जनता, उपभोक्ताओं, इच्छुक पक्षों तथा सभी स्तरों की पंचायतों को उपयुक्त विधियों तथा साधनों के माध्यम से तेजी के साथ, विश्वसनीय, उद्देश्यपूर्ण तथा विस्तृत सूचना प्राप्त हो सके;

(ज) खाद्य व्यवसाय में खाद्य व्यवसाय प्रचालक या कर्मचारी या अन्य रूप में संलग्न अथवा संलग्न होने के इच्छुक व्यक्तियों को खाद्य संरक्षा एवं मानकों में प्रशिक्षण कार्यक्रम, चाहे उनके क्षेत्र के भीतर हैं या बाहर, उपलब्ध कराना;

(झ) केन्द्र सरकार द्वारा इस अधिनियम के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निर्दिष्ट किया गया कोई अन्य कार्य;

(ङ) खाद्य, सफाई तथा पादप–स्वच्छता मानकों हेतु अंतरराष्ट्रीय मानकों के विकास में योगदान देना;

(ट) विशिष्ट खाद्य संबंधी उपायों के समतुल्य मान्यता पर अनुबंध विकास हेतु योगदान देना, जहां प्रासंगिक और उपयुक्त है;

(ठ) अंतरराष्ट्रीय सरकारी तथा गैर–सरकारी संगठनों द्वारा प्रारंभ किए गए खाद्य मानकों पर कार्य के समन्वय को प्रोत्साहन देना;

(ड) देश में अपनाए गए संरक्षा स्तर में कमी नहीं होना सुनिश्चित करते हुए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खाद्य मानकों के बीच सामंजस्य को प्रोत्साहन देना;

(ढ) खाद्य संरक्षा तथा खाद्य मानकों के बारे में सामान्य जागरूकता को प्रोत्साहन देना।

(4) खाद्य प्राधिकरण बिना किसी अनुचित विलम्ब के सार्वजनिक करेगा ––

(क) वैज्ञानिक समिति और वैज्ञानिक पैनल के अभिमत उनके स्वीकार किए जाने के तत्काल पश्चात;

(ख) खाद्य प्राधिकरण, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सलाहकार समिति के सदस्यों तथा वैज्ञानिक समिति और वैज्ञानिक पैनल के सदस्यों द्वारा की गई हित की वार्षिक घोषणा और बैठक की कार्यसूची पर मदों के संबंध में की गई हित, यदि कोई, घोषणा;

(ग) वैज्ञानिक अध्ययनों के परिणाम;

(घ) इसके कार्यकलापों का वार्षिक प्रतिवेदन;

(5) खाद्य प्राधिकरण समय समय पर खाद्य संरक्षा तथा मानकों से संबंधित मामलों पर खाद्य संरक्षा आयुक्त को निर्देश दे सकता है, जो इस अधिनियम के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते समय ऐसे निर्देशों द्वारा बाध्य होगा;

(6) खाद्य प्राधिकरण इसको प्राप्त होने वाली गोपनीय सूचना किसी तृतीय पक्ष के समक्ष प्रकट नहीं करेगा जिसको गोपनीय माने जाने का अनुरोध किया गया है जो स्वीकार कर लिया गया है, सिवाय ऐसी सूचना के जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के संरक्षण हेतु परिस्थिति की मांग के अनुरूप सार्वजनिक की जानी आवश्यक है।

श्री वी. एन. गौड़, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, एफएसएसएआई सेवानिवृत्ति पर विदाई के समय

केन्द्रीय सलाहकार समिति (सीएसी)

(i) केन्द्रीय सलाहकार समिति में खाद्य उद्योग, कृषि, उपभोक्ताओं, संबंधित अनुसंधान निकायों और खाद्य प्रयोगशालाओं के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रत्येक के दो सदस्य होंगे तथा खाद्य संरक्षा के सभी आयुक्त और वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष पदेन सदस्य होंगे।

(ii) संबंधित मंत्रालयों अथवा कृषि, पशुपालन तथा डेरी उद्योग, जैव–प्रौद्योगिकी, वाणिज्य तथा उद्योग, उपभोक्ता मामले, पर्यावरण तथा वन, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, स्वास्थ्य, पंचायत राज, लघु स्तर उद्योग और खाद्य और सार्वजनिक वितरण अथवा सरकारी संस्थानों अथवा संगठनों और सरकारी मान्यताप्राप्तं किसानों के प्रतिनिधि केन्द्रीय सलाहकार समिति के विचार–विमर्श में आमंत्रित किए जाएंगे।

(iii) मुख्य कार्यपालक अधिकारी केन्द्रीय सलाहकार समिति के पदेन अध्यक्ष होंगे।

(IV) केन्द्रीय सलाहकार समिति खाद्य क्षेत्र में परिचालित खाद्य प्राधिकरण तथा प्रवर्तन एजेन्सियों और संघटनों के बीच निकटवर्ती सहयोग सुनिश्चित करती है।

समिति का मूल कार्य प्राधिकरण को कार्य प्रोग्राम, कार्य की प्राथमिकता निर्धारण, संभावित जोखिमों की पहचान तथा ज्ञान के समूहन पर सलाह देना है।

केन्द्रीय सलाहकार समिति के वर्तमान सदस्यों की सूची संलग्नक – 2 में दी गई है।

fssai





वैज्ञानिक समिति

वैज्ञानिक समिति खाद्य प्राधिकरण को वैज्ञानिक अभिमत उपलब्ध कराती है तथा इसको, जहां आवश्यक है, लोक सुनवाई आयोजित करने का अधिकार होता है। वैज्ञानिक समिति वैज्ञानिक अभिमत की सुसंगति सुनिश्चित करने हेतु विशेषकर वैज्ञानिक पैनल की कार्यविधियों के सामंजस्यीकरण तथा कार्य प्रक्रियाओं के अंगीकरण के संबंध में आवश्यक सामान्य समन्वय हेतु उत्तरदायी होगी। वैज्ञानिक समिति एक से अधिक वैज्ञानिक पैनल की सक्षमता के अंतर्गत आने वाले तथा किसी भी वैज्ञानिक पैनल की सक्षमता के अंतर्गत नहीं आने वाले बहु–क्षेत्रीय मुद्दों पर अभिमत मुहैया कराएगी। जहां कही आवश्यक होगा, तथा विशेष रूप से, किसी भी वैज्ञानिक पैनल की सक्षमता के अंतर्गत नहीं आने वाले विषयों के मामले में, वैज्ञानिक समिति द्वारा कार्य समूहों का गठन किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में, वैज्ञानिक अभिमत कायम करते समय उन कार्य समूहों की महारत का लाभ उठाएगी।

वैज्ञानिक समिति में वैज्ञानिक पैनलों के अध्यक्ष और छह स्वतंत्र वैज्ञानिक विशेषज्ञ होंगे जो किसी वैज्ञानिक पैनल के नहीं हैं या उसके साथ संबद्ध नहीं हैं।

एफएसएसएआई की वैज्ञानिक समिति के वर्तमान सदस्यों की सूची परिशिष्ट – 3 में दी गई है।

वैज्ञानिक पैनल

खाद्य प्राधिकरण वैज्ञानिक पैनल गठित करता है जिसमें स्वतंत्र वैज्ञानिक विशेषज्ञ शामिल किए जाते हैं जो अपने विचार–विमर्श में संबंधित उद्योग और उपभोक्ता प्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित आठ (8) वैज्ञानिक पैनल गठित किए गए हैं–

1. कार्यात्मक खाद्य, न्यूट्रास्युटिकल्स, आहार और अन्य उसी प्रकार के उत्पादों हेतु पैनल;
2. नमूना और विश्लेषण की विधि हेतु पैनल;
3. खाद्य संयोजियों, फ्लेवरिंग्स, खाद्य प्रसंस्करण साधन और सामग्री हेतु पैनल;
4. खाद्य श्रृंखला में संदूषकों हेतु पैनल;
5. जैविक खतरों हेतु पैनल;
6. पीड़कमारों/प्रतिरक्षी अवशेषों हेतु पैनल;
7. लेबलिंग, दावों/विज्ञापन हेतु पैनल;
8. जीन संशोधित जीवों तथा खाद्य हेतु पैनल।

उपरोक्त आठ (8) वैज्ञानिक पैनलों के वर्तमान सदस्यों की सूची परिशिष्ट – 4 में दी गई है।

प्रशासन और मानव संसाधन

संस्थापन एवं प्रशासन

भारत की खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के दैनिक प्रशासन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिम्मेदार है। एफएसएसएआई को मजबूत बनाने के लिए 355 पद मंजूर किए गए। भर्ती और नियुक्ति विनियम के, मंत्रालय के तहत विचारार्थ होने की वजह से, स्वीकृत पदों के लिए नियमित रूप से भर्ती की प्रक्रिया में समय लगेगा। इसलिए, एफएसएसएआई में मानवशक्ति को एक स्थानीय मानव संसाधन एजेंसी के माध्यम से आउटसोर्स किया जा रहा है। इसके अलावा, कुछ पदों को सरकारी संगठनों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जा रहा है।

विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से स्थानांतरित कर्मचारी

विभिन्न मंत्रालयों से स्थानांतरित स्टाफ के विभिन्न सदस्य, जो इस समय खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की दूसरी अनुसूची के तहत सूचीबद्ध विभिन्न अधिनियमों/आदेशों से संबंधित काम को संभाल रहे हैं, प्राधिकरण में एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 90 के तहत काम कर रहे हैं। कानून मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जब तक प्राधिकरण अपनी सेवा नियमावली तैयार कर कर्मचारियों को विकल्प नहीं दे देता है, तब तक उन्हें प्रतिनियुक्ति पर माना जाएगा। भर्ती और नियुक्ति के मसौदा नियम और मसौदा सेवा नियमावली को अंतिम रूप देने के लिए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इन पर विचार किया जा रहा है। स्टाफ के जिन सदस्यों को एफएसएसएआई की धारा 90 के तहत स्थानातरित किया गया था, उन्हें एक चरणबद्ध तरीके से प्रत्यावर्तित किया जा रहा है।

कर्मचारियों के स्थानांतरण के बाद, एफएसएसएआई देश भर में निम्नलिखित स्थानों से काम कर रहा है

1. **दिल्ली**
2. **मुंबई**
3. **चेन्नई**
4. **कोलकाता**
5. **गुवाहाटी**
6. **लखनऊ**
7. **चंडीगढ़**
8. **सोनौली**
9. **रक्सौल**
10. **गाजियाबाद**

हैदराबाद, अहमदाबाद, बंगलौर, भोपाल, पटना, भुवनेश्वर में प्रवर्तन/लाइसेंस से संबंधित कार्यों के लि और कोचीन, तूतीकोरिन, कांडला, पीपावाव, काकीनाडा, विशाखापत्तनम आदि जैसे प्रविष्टियों के विभि बंदरगाहों पर आयातित खाद्य की निकासी से संबंधित कार्यों के लिए नए कार्यालयों का खोला जा प्रस्तावित है।

fssai

वर्ष 2011–12 के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के परिणाम रूपरेखा दस्तावेज

आरएफडी 2011–12 ने कार्रवाई बिंदु, प्रदेयों और प्रमुख उपलब्धियों को पहचाना। इनमें सेवा प्रदान करने के मानक भी शामिल हैं। एफएसएसएआई की अपेक्षा के अनुसार प्राप्त होने वाले परिणामों तथा उन्हें पूरा करने की कार्य योजना का सारांश अनुलग्नक–V में दिया गया है।

2011-12

परिणाम – भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का रूपरेखा दस्तावेज

आरएफडी– एफएसएसएआई

एफएसएसएआई को जिन परिणामों के प्राप्त होने की उम्मीद है और उन्हें पूरा करने की कार्य योजना का सारांश

भारत

भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई)



अनुभाग–1

दृष्टि:

हितधारक भागीदारी के आधार पर निर्मित एक खाद्य सुरक्षा नियामक और निगरानी प्रणाली, जो स्व–अनुपालन को प्रोत्साहित करे और सुरक्षित स्थिति एवं प्रत्येक नागरिक के लिए पौष्टिक भोजन के संबंध में जानकारी युक्त निर्णय लेने में सक्षम बनाए।

मिशन:

आधुनिक विज्ञान के आधार पर खाद्य सुरक्षा मानकों के निर्माण में उत्कृष्टता प्राप्त करना और खाद्य क्षेत्र को एक संवेदनशील, कुशल और प्रभावी तरीके से विनियमित करना:

मिशन के उद्देश्य	हमारी रणनीति
सभी हितधारकों में एक दोस्ताना, सुलभ और उत्तरदायी निकाय (सार्वजनिक सेवा) होने का विश्वास पैदा करना	■ प्राधिकरण को सौंपी गई सभी भूमिकाओं और कार्यों की पूरी तरह से स्थापना ■ आंतरिक समीक्षा तंत्र की स्थापना ■ अनुप्रयोगों के त्वरित निपटान की एक प्रणाली विकसित करना और संचालनों में निरंतरता सुनिश्चित करना ■ पर्याप्त और सक्षम पूरक कर्मचारियों का विकास
पूरी तरह से उपभोक्ताओं के हित और अखंडता के सर्वोच्च संभव स्तर के पालन का आश्वासन देने वाले मानकों और प्रथाओं की स्थापना सुनिश्चित करना	■ खुले और पारदर्शी मानकों की स्थापना करने वाले एक तंत्र का विकास ■ मानकों की स्थापना के लिए उपलब्ध सबसे अच्छी वैज्ञानिक विशेषज्ञता तक पहुँच ■ खाद्य सुरक्षा के संबंध में जोखिम मूल्यांकन अध्ययन करना ■ प्रौद्योगिकी में होने वाले परिवर्तनों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मौजूदा मानकों की समीक्षा
खाद्य सुरक्षा में भागीदारी की प्रभावी भूमिका के लिए विभिन्न हितधारकों की क्षमता का निर्माण	■ जनता के हित के एक विषय के रूप में खाद्य सुरक्षा की उच्च प्राथमिकता सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य सरकारों के साथ काम करना और उनके नियामक क्षमताओं को मजबूत बनाना ■ खाद्य सुरक्षा मानकों के विकास में अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापना निकायों के साथ काम करना ■ विनियामक क्षमताओं के अनुपूरण के लिए मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकायों और निरीक्षण एजेंसियों को संवद्ध करने जैसे 'वैकल्पिक तरीकों' की पहचान ■ अनुसंधान, वैज्ञानिक जांच और क्षमता निर्माण गतिविधियों को शुरू करने के लिए उत्कृष्टता के केंद्रों और वैज्ञानिक संस्थाओं के एक नेटवर्क की स्थापना ■ क्षमता निर्माण, वैज्ञानिक सलाह और राज्य स्तर पर नियामकों की सहायता के लि वर्द्धित (आउटरीच) भागीदार के रूप में खाद्य सुरक्षा केंद्र स्थापित करना ■ विश्वसनीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के एक नेटवर्क के माध्यम से खाद्य परीक्ष के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण

fssai

प्रभावी सूचना के प्रसार चैनलों के विकास द्वारा उपभोक्ता जिस भोजन का उपभोग करते हैं, उसके बारे में सूचित विकल्प बनाने में उन्हें सक्षम करना	■ सभी हितधारकों के बीच सूचनाओं और ज्ञान के आदान प्रदान के लिए मंच बनाना ■ असुरक्षित भोजन के बारे में अच्छी तरह से किए गए शोध और आंकड़ों के आधार द्वारा समर्थित जन जागरूकता पैदा करना ■ एक मजबूत और व्यापक शिकायत निवारण और पूछताछ– निपटान प्रणाली का विकास ■ एक प्रभावी संचार ढांचे की स्थापना ■ प्रतिक्रिया/धारणा रेटिंग प्रणालियों की स्थापना और सेवा वितरण के स्तर में सुधार लाने के लिए उनका उपयोग।
खाद्य व्यापार के प्रत्येक प्रचालक की जिम्मेदारी को परिभाषित करने के साथ एक खाद्य सुरक्षा की संरचना की स्थापना	■ अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के समक्ष विनियामक प्रक्रियाओं को चिह्नित करना ■ एफएसएसए में नियमों एवं कानूनों के लिए सरल भाषा में दिशानिर्देशों का विकास ■ विनियामक प्रभाव आकलन अध्ययनों का आयोजन और उनका नियमों के ढांचे में सुधार के लिए आगे उपयोग करना ■ सेवा वितरण मानकों का अनुरूप मापन ■ सभी बंदरगाहों पर आयात सुरक्षा निगरानी प्रणाली की स्थापना ■ पता लगाने की क्षमता और खाद्य उत्पाद प्रत्याहार के लिए प्रक्रियाओं की स्थापना ■ प्रभावी निगरानी प्रणाली की स्थापना, जिनसे खतरों की पहचान और उपयुक्त सुधारात्मक कार्रवाई में मदद मिले ■ सभी एफबीओज द्वारा प्रभावी आत्म–अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नीतियों और दिशा निर्देशों का विकास

अधिनियम के तहत निर्धारित कार्य:

- भोजन की सामग्री के संबंध में विनियम, मानक और दिशा निर्देशों का निर्धारण।
- प्रमाणन निकायों/प्रयोगशालाओं की मान्यता के लिए दिशा–निर्देश।
- खाद्य सुरक्षा और पोषण से संबंधित क्षेत्रों में नीति और नियमों को तैयार करने के मामलों में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को वैज्ञानिक सलाह और तकनीकी सहायता देना।
- भोजन की खपत पर आंकड़ों का संग्रह और मिलान। भोजन में जैविक जोखिम, संदूषकों का प्रसार और घटनाएं। भोजन में संदूषकों के अवशेष और त्वरित चेतावनी प्रणाली का आरंभ।
- जोखिम विश्लेषण के तरीकों के लिए प्रक्रिया और दिशा–निर्देश।
- देश भर में खाद्य सुरक्षा के संबंध में सूचना प्रचार–प्रसार नेटवर्क का निर्माण।
- विभिन्न हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण।
- भोजन के लिए अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी मानकों के विकास में योगदान और संभव हद तक राष्ट्रीय मानकों का अनुरूपण।
- खाद्य सुरक्षा और खाद्य मानक के बारे में सामान्य जागरूकता को बढ़ावा देना।

अनुभाग 2

प्रमुख उद्देश्यों और सफलता के बीच परस्पर प्रमुखता

क्रम सं.	उद्देश्य	वजन	कार्य	सफलता संकेतक	इकाई	वजन	लक्ष्य/मानदंड मूल्य				
							सर्वोत्कृष्ट	सर्वोत्कृष्ट	अच्छा	संतोषजनक	कमजोर
							100%	90%	80%	70%	60%
1.	खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 में पारगमन	15%	क) एफएसएस नियम और विनियम की अधिसूचना	नियमों की अधिसूचना	तारीख	4%	31.05.2011	30.06.2011	29.07.2011	31.08.2011	30.09.2011
				नियमों की अधिसूचना	तारीख	4%	29.07.2011	31 08.2011	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011
			ख) लाइसेंस की नई प्रणाली के लिए पारगमन	संरचना, दिशानिर्देश, निरीक्षण नियम–पुस्तिका	तारीख	3%	29.07.2011	31 08 2011	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011
				केन्द्रीय लाइसेंस के लिए आईटी सक्रिय प्रणाली	तारीख	2%	30 11.2011	14.12.2011	28.12.2011	11.01.2012	25.01.2011
			ग) पिछले अधिनियम एवं आदेश का निरसन	पीएफए का निरसन	तारीख	2%	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012	29.02.2012
2.	खाद्य सुरक्षा प्रणाली का विकास और सुदृढ़ीकरण	14%	क) पिछले अधिनियम और आदेश का निरसन	योजना बनाएं और अनुमोदन के लिए सरकार को भेजें	तारीख	3%	30.09,2011	31.10.2011	30 11.2011	30 12.2011	31.01.2012
			ख) पंचायत और नगरपालिकाओं के लिए खाद्य सुरक्षा योजना	पायलट ड्राफ्ट मॉडल खाद्य सुरक्षा योजना के आधार पर मॉडल खाद्य सुरक्षा योजना का मसौदा बनाएं	तारीख	2%	30.12.2011	13.01.2012	27.01.2012	10.02.2012	24.02.2012
			ग) खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एफएसएमएस) और अनुपालन की व्यवस्था	दस्तावेजों को अंतिम रूप दें	तारीख	3%	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
				आरंभ करें/खाद्य सुरक्षा पेशेवरों को सूचित करें	तारीख	3%	30.12.2011	13.01.2012	27.01.2012	10.02.2012	24.02.2012
			घ) इंडिया–एचएसीसीपी मान्यता प्रबंधन	इंडिया–एचएसीसीपी को अंतिम रूप दें	तारीख	1%	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
				प्रमाणन/निरीक्षण निकायों को सूचित करें	तारीख	2%	30.12.2011	13.01 2012	27.01 2012	10.02 2012	24.02 2012
3.	मानक और विनियमन	13.5%	क) कार्यात्मक खाद्य पदार्थों, आहार परिपूरकों आदि के लिए नियमों का विकास	विनियमों को अंतिम रूप दें	तारीख	3%	31.10.2012	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012	29.02.2012
			ख) खाद्य योजकों के लिए विनियम	मानकों और विनियमों को अंतिम रूप दें	तारीख	2%	30.12.2011	13.01.2012	27.01.2012	10.02.2012	24.02.2012
			ग) लेबलिंग और दावा विनियम	विनियमों को अंतिम रूप दें	तारीख	3%	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
			घ) पीने योग्य पानी और बोतल बंद पानी के लिए मानक	विनियमों को अंतिम रूप दें	तारीख	1%	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012	29.02.2012
			ड.) मादक पेयों के लिए सुरक्षा मानक	मानकों को अंतिम रूप दें	तारीख	1%	31.01.2012	14.02.2012	28.02.2012	13.03.2012	27.03.2012
			च) पैकेजिंग विनियमन की समीक्षा	समीक्षा के बाद मसौदा विनियमन को अंतिम रूप दें	तारीख	1%	31.01.2012	14.02 2012	28.02.2012	13.03.2012	27.03.2012
			छ) खाद्य प्रसंस्करण और पैकेजिंग में प्लास्टिक के उपयोग के लिए सुरक्षा दिशानिर्देश	दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दें	तारीख	0.5%	02.03.2012	09.03.2012	16.03.2012	23.03.2012	30.03.2012
			ज) खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एफएसएसएआई नीति	नीति को अंतिम रूप दें	तारीख	0.5%	02.03.2012	09.03.2012	16.03.2012	23.03.2012	30.03.2012
			झ) स्कूलों में खाद्य सुरक्षा के लिए योजना	नीति और दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दें	तारीख	1%	16.01.2012	30.01.2012	13.02.2012	27.02.2012	12.03.2012
			ञ) जीएपी दिशानिर्देश	जीएपी दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दें	तारीख	0.5%	30.12.2011	13.01.2012	27.01.2012	10.02.2012	24.02.2012





4.	खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं	12%	क) सार्वजनिक खाद्य प्रयोगशालाओं को सूचित करें	अधिसूचना– सार्वजनिक प्रयोगशालाएं	तारीख	3%	30.09.2011	31 10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
			ख) संदर्भित खाद्य प्रयोगशालाओं को सूचित करें	अधिसूचना– संदर्भित प्रयोगशालाएं	तारीख	2%	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
			ग) 10 प्रयोगशालाओं के लिए उन्नयन योजना	योजना को अंतिम रूप दें	तारीख	4%	30.11.2011	14.12.2011	28.12.2011	11.01.2012	25.01.2012
			घ) 3 सीएफएल के लिए उन्नयन योजना	योजना को अंतिम रूप दें	तारीख	2%	30.12.2011	13.01.2012	27.01.2012	10.02.2012	24.02.2012
			ङ) आयात के लिए मान्यता प्राप्त खाद्य प्रयोगशालाएं	आयात के लिए सूचीवद्ध प्रयोगशालाओं को सूचित करें	तारीख	1%	31.05.2011	30.06 2011	29.07.2011	31.08.2011	30.09.2012
5.	खाद्य सुरक्षा निगरानी और अनुसंधान एवं विकास	10.5%	क) खाद्य सुरक्षा केन्द्र और उत्कृष्टता के केन्द्रों को आरंभ करना	10 एफएससीज और 3 सीओई को पहचानें	तारीख	1.5%	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012	29.02.2012
			ख) खाद्य सुरक्षा निगरानी संरचना	संरचना को अंतिम रूप दें	तारीख	1%	30.12.2011	13.01.2012	27.01.2012	10.02.2012	24.02.2012
			ग) दूध निगरानी योजना	कार्य आरंभ करें	तारीख	1%	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
			घ) अनुसंधान और विकास परियोजना की पहले ट्रेंच को सौंपना	अनुसंधान और विकास परियोजना सौंपना	तारीख	2%	02.03 2012	09.03 2012	16.03 2012	23.03.2012	30.03.2012
			ङ) मानदण्ड सर्वेक्षण संकेतित करना	मौजूदा खाद्य सुरक्षा स्तर के लिए सर्वेक्षण आरंभ करना	तारीख	1%	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012	29.02.2012
			च) एफएसएसएआई खाद्य आयात निकासी	प्रवेश के 7 अतिरिक्त बंदरगाहों तक गतिविधियों का विस्तार	तारीख	1%	30.12.2011	13.01.2012	27.01.2012	10.02.2012	24.02.2012
				आईटी सक्षम एमआईएस प्रणाली का पायलट आरंभ करना	तारीख	1%	29.07.2011	31.08.2011	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011
				आयात के लिए मसौदा जोखिम मूल्यांकन संरचना	तारीख	1%	30.11.2011	14.12.2011	28.12.2011	11.01.2012	25.01.2012
				आयात विनियमों का	तारीख	1%	29.07.2011	31.08.2011	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011





6.	प्रशिक्षण एनं क्षमता निर्माण	9%	क) प्रशिक्षण योजना (2011–2012)	प्रशिक्षण योजना को अंतिम रूप दें	तारीख	1%	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	30.01.2012
			ख) राज्य के अधिकारियों के प्रशिक्षण का दूसरा दौर	राज्य के वरिष्ठ नियामक कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण का दूसरा दौर और दूसरों के लिए टीओटी पूरा करें	तारीख	3%	31.10 2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012	29.02.2012
			ग) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और प्रमाणन प्रणाली	प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दें	तारीख	2%	31.10 2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012	29.02.2012
			घ) गृहिणियों के लिए खाद्य सुरक्षा पर इग्नू के पाठ्यक्रम का आरंभ	पाठ्यक्रम आरंभ करने के लिए संस्था/एजेंसियों को मान्यता देने की प्रणाली विकसित करें	तारीख	1%	02.03 2012	09.03.2012	16.03 2012	23.03.2012	30 03.2012
				पाठ्यक्रम की शुरुआत	तारीख	1%	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012	29.02.2012
			ङ) खाद्य एनालिस्टों के पाठ्यक्रम और काडर की समीक्षा	समीक्षा करें और सिफारिश	तारीख	1%	30.12 2011	13.01.2012	27.01.2012	10.02.2012	24.02.2012
7.	संगठन की संरचना का सुदृढ़ीकरण	8%	क) मौजूदा कर्मचारियों के लिए सेवा नियम और विकल्प	सेवा नियमावली को अंतिम रूप दें	तारीख	2%	29.07 2011	31.08 2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
			क) मौजूदा कर्मचारियों के लिए सेवा नियम और विकल्प	मौजूदा कर्मचारियों के लिए विकल्प	तारीख	1%	30.09.2011	31.10 2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
				सरकार को भर्ती नियम का मसौदा प्रस्तुत करना	तारीख	2%	30.09 2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
			ख) भर्ती के नियम और अनुमोदित पदों पर भर्ती	अनुमोदित पदों को फरने की पहल करें	तारीख	1%	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012	29.02.2012
			ग) वित्तीय प्रक्रियाएं	वित्तीय प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दें	तारीख	1%	30.12.2011	13.01 2012	27.01.2012	10.02.2012	24.02.2012
			घ) एफएसएसएआई के लिए आईटी योजना	आईटी योजना और चरणबद्ध आरंभ का विकास	तारीख	1%	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012

8.	खाद्य सुरक्षा के लिए संचार और जागरूकता	7%	क) संचार रणनीति/योजना	संचार रणनीति/योजना को अंतिम रूप दें	तारीख	1%	29.07.2011	31.08.2011	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011
				प्रचार की डिजाइन और प्रक्षेपण	तारीख	2%	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
			ख) हेल्पलाइन आरंभ करना	हेल्पलाइन आरंभ करना	तारीख	2%	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
			ग) खाद्य सुरक्षा पर जागरूकता के लिए गैर सरकारी संगठनों को मदद	गैर सरकारी संगठनों को आर्थिक मदद की पहल	तारीख	1%	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012
			घ) जागरूकता और क्षमता निर्माण के लिए उद्योग भागीदारी कार्यक्रम	उद्योग एफएसएसएआई भागीदारी कार्यक्रम का आयोजन	तारीख	0.5%	31.10.2011	30.11.2011	30.12.2011	31.01.2012	29.02.2012
			ङ) राज्यों के लिए प्रारंभिक (ह्वीसल–ब्लोअर) योजना	योजना का मसौदा बनाएं	तारीख	0.5%	29.07.2011	31.08.2011	30.09.2011	31.10.2011	30.11.2011
9	आरएफडी प्रणाली का कुशल कामकाज	11%	2011–12 के लिए आरएफडी को समय से जमा करना	समय पर जमा करना	तारीख	2%	31.03.2011	03.04.2011	04.04.2011	05.04.2011	06.04.2011
			2011–12 के परिण ामों को समय से जमा करना	समय पर जमा करना	तारीख	1%	01.05.2012	03.05.2012	04.05.2012	05.05.2012	06.05.2012
			आरसी के लिए एक रणनीतिक योजना	अगले 5 वर्षों के लिए एक रणनीतिक योजना को अंतिम रूप दें	तारीख	2%	10.12.2011	15.12.2011	20.12.2011	24.12.2011	31.12.2011
			संगठन की गतिविधियों से संबंधित भ्रष्टाचार के संभावित क्षेत्रों की पहचान और उन्हें कम करने के लिए एक कार्य योजना का विकास	भ्रष्टाचार के संभावित क्षेत्रों को कम करने के लिए एक कार्य योजना को अंतिम रूप दें	तारीख	2%	10.12.2011	15.12.2011	20.12.2011	24.12.2011	31.12.2011
			सेवोत्तम का कार्यान्वयन	कार्यान्वयन, निगरानी और नागरिक चार्टर की समीक्षा के लिए एक सर्वोत्तम अनुपालन प्रणाली बनाएं	तारीख	2%	10.12.2011	15.12.2011	20.12.2011	24.12.2011	31.12.2011
				सार्वजनिक शिकायतों पर नजर रखने और उनके निवारण के लिए एक सेवोत्तम अनुपालन प्रणाली बनाएं	तारीख	2%	10.12.2011	15.12.2011	20.12.2011	24.12.2011	31.12.2011

* अनिवार्य उद्देश्य (यों)

अनुभाग – 3

सफलता संकेतकों के रुझान मान

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) 2008 में स्थापित किया गया था और यह अभी भी खाद्य क्षेत्र के लिए नियामक ढांचा विकसित करने की प्रक्रिया में है। ऊपर के अनुभाग दो से, यह देखा जा सकता है कि आरएफडी (2010–11) के तहत विकसित प्रावधानों के कार्यान्वयन को आरंभ करने के लिए अधिकांश उद्देश्यों और अनुवर्ती दिशा–निर्देशों के नियमों और विनियमों के विकास की आवश्यकता है। जैसे कि, एफएसएसएआई की गतिविधियों के संदर्भ में इस स्तर पर सफलता के संकेतकों के रुझान मूल्यों का संकेत व्यावहारिक रूप से संभव नहीं हो सकता। एफएसएसएआई सर्वेक्षणों और अध्ययनों की एक श्रृंखला के माध्यम से खाद्य सुरक्षा के वर्तमान स्तर और केंद्र राज्य तथा निचले स्तर के विनियमन को मानक बनाने का प्रस्ताव करता है। यह हमें खाद्य सुरक्षा के नियमों का आधार स्तर निर्धारित करने और प्रत्येक क्षेत्र में अलग–अलग लक्ष्यों की रूपरेखा बनाने में सक्षम करेगा। चालू वर्ष के दौरान इस तरह के सर्वेक्षण किए जा रहे हैं।

सफलता संकेतकों और प्रस्तावित मापन क्रियाविधि का विवरण और परिभाषा

1. खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का गठन सितंबर 2008 में किया गया था। मई 2009 में आठ वैज्ञानिक पैनलों और वैज्ञानिक समितियों का गठन किया गया। अक्टूबर 2009 में 45 सदस्यों की केन्द्रीय सलाहकार समिति बनाई गई थी।

2. खाद्य संबंधी विभिन्न आदेशों से संबंधित कर्मचारियों को एकीकृत किया गया और वर्तमान लाइसेंस प्रक्रियाओं को एफएसएसएआई के दायरे में लाया गया है। क्षेत्रीय कार्यालयों को भी नए प्राधिकरण में स्थानांतरित कर दिया गया है। 'वैज्ञानिक पैनलों और वैज्ञानिक समिति' ने भी संचालन शुरू कर दिया है।

3. पीएफए से एफएसएसएआई में पारगमन के लिए नियम और विनियम के मसौदे को पहले से ही अधिसूचित किया गया है और इसे अंतिम अधिसूचना के लिए मंत्रालय को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि जून 2011 के बाद से इसे राज्यों में आरंभ कर दिया जाएगा। अधिनियम के कार्यान्वयन की तत्परता और आवश्यक समर्थन उपायों का जायजा लेने के लिए राज्यों के साथ बैठकें आयोजित की गई हैं।

4. यह देखा जा सकता है कि पहले वर्ष में प्राधिकरण विभिन्न मंत्रालयों से आए कर्मियों को एकीकृत करने और प्राधिकरण के विभिन्न अंगों की स्थापना करने में लगा रहा, प्राधिकरण के काम करने के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं को भी अंतिम रूप दे दिया गया है और इनको सरकार से अनुमोदन भी प्राप्त हो गया है। एफएसएसएआई को संगठन संरचना के लिए मंजूर पदों के संबंध में सरकार से अनुमोदन प्राप्त हो गया है. और सेवा नियमों तथा भर्ती नियमों को स्थापित करने के बाद इस साल भर्ती प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा।

5. वर्तमान में प्राधिकरण प्राधिकरण और हितधारकों के बाहर की अनेक एजेंसियों से वैज्ञानिक कौशल प्राप्त कर रहा है। प्राधिकरण के लिए विशिष्ट प्रदर्शन मानकों को स्थापित करने में आने वाली मुख्य कठिनाइयों में से एक है– खाद्य जनित बीमारियों, विभिन्न खाद्य पदार्थों में संदूषण के विशिष्ट स्तर, हितधारकों में खाद्य सुरक्षा जागरूकता से संबंधित जानकारी की एक गंभीर कमी और सर्वेक्षण और अध्ययन, खाद्य सुरक्षा के नियमों के मौजूदा स्तर के प्रभाव का अंकन करने का अभाव। खाद्य प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा के नियमों और कानूनों के क्रियान्वयन, विभिन्न खाद्य वस्तुओं में संदूषण के मौजूदा स्तर, खाद्य सुरक्षा निगरानी और विभिन्न विनियामक उपायों के प्रभाव को प्रोफाइल और चिह्नित करने के लिए सर्वेक्षण के एक विस्तृत सेट को स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। अगले कुछ वर्षों में इन आंकड़ों को उभरने तक, सफलता मापदंडों के संबंध में कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित करना संभव नहीं भी हो सकता है।

प्राधिकरण के शुरुआती कुछ वर्ष खाद्य सुरक्षा के विभिन्न नियमों को बनाने, मौजूदा मानकों में संशोधन विभिन्न खाद्य कानूनों की प्रभावशीलता के मौजूदा स्तर और प्रदूषण के स्तर का अध्ययन और सर्वेक्षण की शुरुआत करने में उपयोग कर अपनी निनियामक उपस्थिति स्थापित करने में खर्च होंगे। जैसे ही खाद्य सुरक्षा के नियमों, भोजन संदूषण और विनियामक प्रभाव से संबंधित विश्वसनीय और पर्याप्त रूप से गैर–संग्रहित आंकड़े उभरेंगे, इन्हें प्राधिकरण के प्रदर्शन प्रबंधन दस्तावेजों में शामिल किया जाएगा।

पारिभाषिक शब्दावली

खाद्य सुरक्षा योजना– एक खास इलाके अर्थात् पंचायत, तालुका, नगरपालिका या जिले में, खाद्य सुरक्षा के उद्देश्य को पूरा करने के लिए तैयार की गई योजना, कार्यक्रम, या विधियों, कार्य क्षेत्रों की पहचान और उपलब्धि के लिए तय जिम्मेदारियों को संदर्भित करता है। इसमें गांव, शहर समुदाय, स्थानीय निकाय पंचायतों और खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के अन्य हितधारकों को शामिल किए जाने की उम्मीद है।

खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एफएसएमएस) – का मतलब है खाद्य व्यापार के लिए अच्छा विनिर्माण आचरण (जीएमपी), अच्छा स्वच्छता आचरण (जीएचपी), जोखिम विश्लेषण और जटिल नियंत्रण बिंदु तथा इस तरह के अन्य तरीके जो विनियमन द्वारा निर्दिष्ट किए जा सकते हैं। एफएसएसएआई एक संदर्भ खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली विकासित करेगी, जो सुरक्षा के स्तर का निर्धारण और मार्गदर्शन कर सकती है और साथ ही इसका मूल्यांकन भी किया जा सकेगा। जो प्रदान कर सकते हैं। ऐसा मानक खाद्य व्यापार संचालकों को व्यापक रूप से उपलब्ध होना चाहिए ताकी उनके पास जो भी संसाधन उपलब्ध हों उनके साथ उन्हें अपना सकें और धीरे–धीरे सुरक्षा के स्वीकार्य स्तर को प्राप्त कर सकें। यह स्व–अनुपालन को प्रोत्साहित करेगा और विस्तृत निरीक्षण की आवश्यकता को कम कर देगा।

भारत–एचएसीसीपी– जोखिम विश्लेषण और जटिल नियंत्रण बिंदु {एचएसीसीपी} – कोडेक्स एचएसीसीपी दिशानिर्देशों को परिभाषित किया है जो पहली प्रकाशित खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली है। हालांकि, स्वतंत्र रूप से उपलब्ध कोई घरेलू एचएसीसीपी मानक नहीं है। एफएसएसएआई का अपने निज

fssai

एफएसएसएआई–भारत–एचएसीसीपी मानक विकसित करने का प्रस्ताव है जो घरेलू बाजार में खानपान इकाइयों के लिए और इस मानक के खिलाफ एक स्वैच्छिक एचएसीसीपी प्रमाणीकरण प्रणाली के लिए प्रस्तुत किया जा सकता है । यह सुरक्षा नियमों के अनुपालन का प्रदर्शन करने के लिए खाद्य व्यवसायों द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

कार्यात्मक खाद्य – वे खाद्य पदार्थ है जो किसी भी रूप से संशोधित खाद्य या घटक सहित संभावित स्वस्थ उत्पादों को समेटे होते हैं जो पारंपरिक पोषक तत्वों से परे एक स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है। एफएसएसएआई कार्यात्मक खाद्य पदार्थों के लिए नियमों के विकास पर काम कर रहा है। इस समय कार्यात्मक खाद्य पदार्थों के लिए कोई नियम नहीं है।

खाद्य योज्य– का मतलब भोजन के एक विशिष्ट घटक के रूप में इस्तेमाल किये जाने वाले किसी भी पदार्थ और भोजन के प्रसंस्करण, तैयारी, उपचार, पैकिंग, पैकेजिंग, परिवहन आदि में एक तकनीकी उद्देश्य के लिए जानबूझकर मिलाये गए पदार्थ से है। एफएसएसएआई, पीएफए अधिनियम के तहत कोडेक्स मानकों और पिछले अभ्यास के साथ मिलान के लिए खाद्य योज्यों के मौजूदा मानकों की समीक्षा करेगा।

खाद्य सुरक्षा केन्द्रों के देश भर में फैले अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों में स्थित होने की उम्मीद की जाती है, जिनके पास शैक्षणिक कार्य और खाद्य परीक्षण के लिए बुनियादी न्यूनतम सुविधाएं हैं। वे विनियामको और अन्य कर्मचारियों प्रशिक्षण, खाद्य सुरक्षा की निगरानी के संबंध में वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध कराने, सर्वेक्षण, निगरानी डेटा की व्याख्या आदि के लिए एफएसएसएआई के विस्तारित (आउटरीच) केन्द्रों के रूप में कार्य करेंगे।

अच्छी कृषि प्रथाएं (जीएपी)– अच्छी कृषि प्रथाएं सिद्धांतों का एक संग्रह है जो कृषि उत्पादन और उत्पादन के बाद की प्रक्रियाओं के लिए लागू होती हैं, जो आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण की स्थिरता का ध्यान रखते हुए सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य और गैर–खाद्य कृषि उत्पादों का परिणाम उत्पन्न होता है।

उत्कृष्टता के केन्द्र – एक उत्कृष्टता केन्द्र एक मौजूदा संस्थान है, जहां माप योग्य वैज्ञानिक उत्पादन (प्रशिक्षण सहित) और/या तकनीकी नवाचार के मामले में अनुसंधान और तकनीकी विकास के एक उच्च स्तर का प्रदर्शन होता है। एफएसएसएआई का एफएसएसएआई की सहायता के लिए खाद्य विज्ञान से संबंधित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विभिन्न पहलुओं पर, अनुसंधान एवं विकास करने और विज्ञान आधारित मानकों के विकास में तकनीकी जानकारी प्रदान करने में देश के उत्कृष्टता केन्द्रों के साथ एक संरचनम समझौते का प्रस्ताव है।

निगरानी के लिए संस्थानों के नेटवर्क – एफएसएसएआई का आरंभ में मौजूदा डेटाबेस पर अधिकार कर, इसमें शामिल विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय और नेटवर्किंग द्वारा खाद्य सुरक्षा की निगरानी के लिए एक संरचना बनाने का प्रस्ताव है। इसमें मौजूदा खाद्य विज्ञान कॉलेज, विश्वविद्यालय और अन्य संस्थान शामिल हो सकते हैं। एफएसएसएआई खाद्य सुरक्षा की निगरानी के लिए एक उपयुक्त ढांचे का विकास कर रहा है ताकी सरकार को आवश्यक उपयुक्त प्रतिक्रिया प्रदान कर सके और बाजार की संबंधित स्थितियों और सुरक्षा स्तरों पर आगम प्रदान कर सके।

आयात के लिए खाद्य सुरक्षा समूह – एफएसएसएआई भारत में आने वाले आयातित खाद्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश के सभी प्रमुख बंदरगाहों पर चरणबद्ध तरीके से अधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति कर रहा है और खाद्य आयात निकासी की प्रक्रिया के लिए एक जोखिम विश्लेषण ढांचे का विकास कर रहा है।

इग्नू – इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के एक शीर्ष निकाय है जो देश भर में दूरस्थ शिक्षा प्रणाली का समन्वय करता है और उस पर निगरानी रखता है। यह दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से और वितरण के लिए मुक्त शिक्षण के पाठ्यक्रम का विकास और उत्पादन करता है तथा अनुसंधान प्रशिक्षण और शिक्षा के विस्तार की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल है। एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा की अवधारणा का जमीनी स्तर तक प्रसार करने के लिए दूरस्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने में इग्नू की विशेषज्ञता की मदद लेने का प्रस्ताव किया है।

प्रत्यायन (प्रमाणन) – विशिष्ट अनुरूपता मूल्यांकन कार्य को पूरा करने की अपनी क्षमता के औपचारिक प्रदर्शन से संबंधित एक अनुरूपता मूल्यांकन निकाय द्वारा किया गया तीसरे पक्ष (थर्ड पार्टी) का सत्यापन है। भारत की गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआइ) भारत में खाद्य प्रयोगशालाओं के लिए खाद्य सुरक्षा और परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड {एनएबीएल}, की प्रमाणन योजनाओं के लिए मान्यता प्राप्त एजेंसियों का मुख्य मान्यता प्राप्त निकाय है।

संचार अभियान– पंचायतों, स्कूल के बच्चों, घरों और उद्योग जैसे विभिन्न हितधारकों को खाद्य सुरक्षा संदेश के बारे में प्रभावी ढंग से अवगत कराने की जरूरत है। सुरक्षित भोजन की मांग करने और संबंधित लोगों को आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यह आवश्यक है। खाद्य सुरक्षा एक बहु–हितधारक गतिविधि है, जिसे प्रभावी और ध्यान केंद्रित संचार की आवश्यकता है।

गैर सरकारी संगठन– उपभोक्ता खाद्य सुरक्षा में मुख्य हितधारक है और उपभोक्ता को उपलब्ध भोजन की सुरक्षा आश्वस्त करने, मानक विकास, क्षमता निर्माण, निगरानी और सूचित पसंद में उपभोक्ताओं के प्रभावी सहयोग की प्रभावशीलता के संदर्भ में एफएसएसएआई की गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाना है।

उद्योग इंटरफेस– एफएसएस अधिनियम निर्दिष्ट करता है कि सुरक्षा की प्राथमिक जिम्मेदारी खाद्य व्यापार संचालकों की है। इसे ध्यान में रखते हुए एफएसएसएआई खाद्य सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा हासिल करने के लिए क्षमता निर्माण की अवधारणा का प्रचार–प्रसार करने के लिए उद्योग इंटरफेस ढांचा विकसित करने का प्रस्ताव करती है।

आर एंड डी – अनुसंधान और विकास– भोजन के लिए विज्ञान आधारित मानक स्थापित करने के जनादेश के साथ, एफएसएसएआई विभिन्न संस्थानों/विश्वविद्यालयों और मान्यता प्राप्त अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं के लिए वित्तीय सहायता का विस्तार कर अनुसंधान परियोजनाएं और संबंधित नवीन अनुसंधान एवं विकास खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित प्रस्तावों को अपनाने का प्रस्ताव करती है।

fssai

मंत्रालयों और अन्य विभागों और से विशिष्ट आवश्यकताएं

1. एफएसएस अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में नियम और विनियमनों के मसौदे को, पहले ही भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया है। उसके बाद प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर, उपयुक्त मसौदे को उपयुक्त रूप से संशोधित किया गया है और इसे अंतिम अधिसूचना के लिए सरकार को भेजा गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, (नियमों और विनियमों के कानूनी पुनरीक्षण के मामले में) कानून मंत्रालय की ऐसी विशेष मदद से नियमों और विनियमों के लिए प्रारंभिक अधिसूचना जारी करने की आवश्यकता होगी।

2. सरकार ने पहले ही एफएसएसएआई संगठन संरचना के लिए पदों की स्वीकृति दे दी है और इन पदों को भरने का कार्य इस साल में पूरा कर लिया जाएगा। इन पदों के लिए भर्ती शुरू करने की प्रक्रिया में सेवा नियमावली और भर्ती नियमों की प्रस्तुति के लिए एफएसएसएआई कार्मिक और प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग से समय पर मदद मांगेगा। इसके अलावा, आयातित खाद्य वस्तुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी एफएसएसएआई का एक प्रमुख जनादेश है और इसे पूरा करने के लिए एफएसएसएआई को इसके आयात सुरक्षा निदेशालय के लिए देश भर में कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या की आवश्यकता होगी और इस संबंध में और एक अलग प्रस्ताव पेश किया जा रहा है। आयात सुरक्षा निदेशालय के प्रस्ताव के अनुमोदन के लिए एफएसएसएआई को वित्त मंत्रालय से समय पर और उपयुक्तर विचार की आवश्यकता होगी।

3. 2011–12 के दौरान, देश भर में एफएसएस अधिनियम का सफल कार्यान्वयन शुरू करने के लिए एक संचार जागरूकता और क्षमता निर्माण की पहल की आवश्यकता को देखते हुए, एफएसएसएआई को पर्याप्त बजट की जरूरत होगी। इसके अलावा, राज्यों के सुदृढ़ीकरण, प्रयोगशाला के बुनियादी ढांचे के उन्नयन, गैर सरकारी संगठनों एवं उद्योग की साझेदारी गतिविधियों, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं, खाद्य सुरक्षा केन्द्रों और उत्कृष्टता के केंद्रों आदि की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए, विशेष बजटीय प्रावधानों की आवश्यकता होगी। आने वाले वर्षों में इसके काफी हद तक आगे बढ़ने की संभावना है। प्राधिकरण द्वारा कार्यों के निष्पादन के लिए मंत्रालय और योजना आयोग द्वारा पर्याप्त बजटीय सहायता का प्रावधान आवश्यक होगा।

4. केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों द्वारा खाद्य संबंधित कानूनों को लागू किया जा रहा हैं। मानकों को खाद्य प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किया जा रहा हैं, जबकि इनका कार्यान्वयन अनिवार्य रूप से राज्य सरकारों पर निर्भर है। लाइसेंस के नए प्रावधानों के तहत, उच्च जोखिम की क्षमता या अन्तर्राज्य असर वाले उप क्षेत्रों को खाद्य प्राधिकरण द्वारा लाइसेंस देना और विनियमित किया जाना जारी रहेगा। हालांकि, खाद्य विनियमन का प्रमुख भाग नगर पालिकाओं, पंचायतों और राज्य सरकारों के दायरे के भीतर होगा। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के कार्यान्वयन

के लिए राज्य सरकारों द्वारा आवश्यक कर्मचारियों को अधिसूचित किया जाना आवश्यक हैं। उन्हें मौजूदा रिक्तियों को भरना होगा और खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को और अधिक विश्वसनीयता से खाद्य परीक्षण करने के लिए अपने को उन्नत करने में भी सक्षम करना होगा। खाद्य की निगरानी, नमूना संग्रह, मुकदमों को चलाने जैसे कार्यों को भी राज्य सरकारों द्वारा निष्पादित किया जाना आवश्यक हैं। उनसे जुड़ी प्राथमिकताओं, उपलब्ध संसाधनों और प्रदान किये जाने वाले नेतृत्व. के आधार पर विभिन्न राज्यों में खाद्य कानूनों के क्रियान्वयन के मौजूदा स्तरों में भिन्नता है। देश में खाद्य कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों का योगदान महत्वपूर्ण होगा।

fssai

एफएसएस अधिनियम, 2006 के कार्यान्वयन के संबंध में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की प्रगति

1) आंध्र प्रदेश

क) 23 जिलों में 48 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अधिसूचित किया गया है। निर्णयन अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। गुंटूर में सार्वजनिक विश्लेषक अधिसूचित किया गया है।

ख) विशाखापत्तनम में एक राज्य प्रयोगशाला है।

ग) 3 जिलों में लाइसेंसिंग संचालित किया गया, 614 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 467 लाइसेंस जारी किए गए और 117 प्रक्रिया के तहत हैं।

घ) मोबाइल प्रयोगशाला की सुविधा के लिए चार प्रस्तावों को तैयार किए गए और उन्हें अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है।

ङ) राज्य के नौ एकीकृत जनजातीय विकास एजेन्सी (आईटीडीए) क्षेत्रों में अंतराष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी) के तहत, हितधारकों के लिए खाद्य सुरक्षा और जल की गुणवत्ता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

च) हॉस्टलों, आश्रमों, समाज कल्याण विभाग के स्कूलों में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और स्कूलों में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम को लागू किया जा रहा है।

छ) एफबीओज के लिए फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

2) चंडीगढ़

क) खाद्य सुरक्षा आयुक्त,1 नामित अधिकारी, 3 खाद्य सुरक्षा अधिकारी और एक न्यायकर्ता अधिकारी को अधिसूचित कर दिया गया है।

ख) ऑनलाइन पंजीकरण लाइसेंस के लिए, प्राधिकृत अधिकारी/नामित अधिकारियों के प्रशिक्षण उद्देश्य से पहले ही कुशल शासन राष्ट्रीय संस्थान (एनआईएसजी) को एक पत्र भेजा गया है।

ग) चंडीगढ़ के अधिकारियों के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण को हरियाणा राज्य के साथ आयोजित किया जाएगा।

घ) चंडीगढ़ प्रशासन खाद्य पदार्थों के नमूनों के विश्लेषण के लिए पंजाब और हरियाणा की खाद्य प्रयोगशाला की सेवाओं का उपयोग करेगा।

ङ) हितधारकों की विभिन्न श्रेणियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए, चंडीगढ़ के होटल एसोसिएशन, चंडीगढ़ के व्यापार मंडल एसोसिएशन, मिठाई निर्माता एसोसिएशन, करयाना एसोसिएशन और फ्लोर मिल्स एसोसिएशन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी।

3) छत्तीसगढ़

क) खाद्य सुरक्षा आयुक्त, 18 नामित अधिकारियों, 14 खाद्य सुरक्षा अधिकारी और 2 खाद्य विश्लेषकों को अधिसूचित किया गया है। सभी 18 जिलों के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएमएस) को निर्णयन अधिकारियों के रूप में अधिसूचित किया गया है।

ख) 12 वीं योजना में बिलासपुर में क्षेत्रीय प्रयोगशाला के विकास के लिए राज्य सरकार को एक प्रस्ताव भेजा गया है।

ग) 60 लाइसेंस जारी किए गए हैं।

घ) खाद्य पदार्थों के नमूनों के विश्लेषण के लिए राज्य में एक मोबाइल प्रयोगशाला।

ङ) अधिकारियों एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है लेकिन एओ के लिए अभी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना बाकी है।

च) छत्तीसगढ़ वाणिज्य संघ के माध्यम से रायपुर में एफबीओ के साथ कार्यशाला के आयोजन द्वारा जागरूकता सृजन कार्यक्रम शुरू किया गया है।

छ) खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने एफएसएस अधिनियम, 2006 के संदेश को प्रसारित करने के लिए दूरदर्शन और ज्ञानवाणी के मंच का इस्तेमाल किया है। इसके अलावा, टॉक शो का आयोजन किया गया और छात्रों में जागरूकता पैदा करने के लिए शैक्षिक संस्थानों ने इसमें भाग लिया।

4) दिल्ली

क) खाद्य सुरक्षा आयुक्त, 5 पूर्ण कालिक अधिकारियों और 31 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अधिसूचित कर दिया गया है। स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एलएचए) को उपायुक्त के रूप में नामित किया गया है।

ख) एक एनएबीएल प्रत्यायित प्रयोगशाला।

ग) सभी ए.डी.एम को निर्णयन अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

घ) साधारण क्षेत्राधिकार का एक विशेष न्यायालय।

ङ) 2086 नमूने लिए गए, जिनमें से 31 असुरक्षित, 58 घटिया, 48 गलत ब्रॉड युक्त थे और 5 अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया था।

च) ऑनलाइन लाइसेंसिंगध्पंजीकरण का प्रस्ताव सरकार को प्रस्तुत किया गया है।

5) गुजरात

क) सभी एलएचए और वरिष्ठ खाद्य निरीक्षकों को नामित अधिकारियों के रूप में अधिसूचित किया गया है। खाद्य निरीक्षकों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

ख) अहमदाबाद में खाद्य सुरक्षा ट्रिब्यूनल स्थापित किया गया है।

ग) खाद्य एवं औषधि नियंत्रण प्रशासन(फडीसीए) के तहत काम कर रही दो प्रयोगशालाओं को एनएबीएल से मान्यता प्राप्त हैं। एफडीसीए की राजकोट और भुज प्रयोगशालाएं और सभी 3 नगर निगम प्रयोगशालाएं उन्नयन की प्रक्रिया में हैं।

घ) दो मोबाइल वैन खरीदी गई हैं– एक का मोबाइल परीक्षण और दूसरी का मोबाइल प्रदर्शनी वैन के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

ङ) और एनआईसी की मदद से एफडीसीए के अधिकारियों द्वारा लैब मास्टर सॉफ्टवेयर डिजाइन और विकसित किया गया है तथा सॉफ्टवेयर को अपलोड किया गया है।

च) एफएसएस अधिनियम के तहत 1211 लाइसेंस प्रदान किए गए हैं और 4037 पंजीकरण किए गए हैं।

छ) गुजरात के लिए पायलट परियोजना के रूप में ऑनलाइन लाइसेंसिंग/पंजीकरण प्रणाली आरंभ की गई है।

6) हरियाणा

क) 14 खाद्य निरीक्षकों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

ख) 600 अतिरिक्त पदों के सृजन का प्रस्ताव है जिनमें डीओ क 22 पद और एफएसओ के 54 पद शामिल हैं, उन्हें अनुमोदन के लिए सरकार को भेजा गया है।

ग) 954 नमूनों का विश्लेषण किया गया, जिसमें से 138 घटिया/असुरक्षित/गलत ब्रॉड युक्त पाये गए हैं।

घ) एफएसएस अधिनियम के तहत 1507 आवेदनों में से 1266 पंजीकरण और 226 में से 87 लाइसेंस जारी किए गए हैं।

7) जम्मू एवं कश्मीर

क) उपायुक्त, 23 नामित अधिकारियों, 70 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, 2 खाद्य विश्लेषकों को अधिसूचित कर दिया गया है। 23 अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेटों को निर्णायन अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।



ख) नामित अधिकारियों, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए अभी तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया है।

ग) 569 एकत्र नमूनों में से 151 गलत ब्रॉड युक्त/मिलावटी पाए गए, 1 असुरक्षित पाया गया और 32 शिकायतों का निपटारा किया गया है।

घ) विभिन्न एफबीओ पर कुल 4,45,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

ङ) पंजीकरण का अधिकार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के पास और लाइसेंस देने का अधिकार नामित अधिकारियों के साथ के पास है।

च) मोबाइल प्रयोगशालाओं के साथ भोजन के परीक्षण के लिए मोबाइल सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है।

8) कर्नाटक

क) खाद्य सुरक्षा आयुक्त, 30 नामित अधिकारियों, 106 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, 30 निर्णयन अधिकारियों और 8 खाद्य विश्लेषकों को अधिसूचित किया गया है।

ख) राज्य सरकार द्वारा 10.4 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जिनमें निम्नलिखित गतिविधियां शामिल है–

(i) परीक्षण की गतिशील (मोबाइल) सुविधा,

(ii) उपकरणों की खरीद,

(iii) क्षमता निर्माण कार्यक्रम,

(iv) वेबसाइट का विकास,

(v) एफबीओ के लिए जागरूकता कार्यक्रम और कार्यशालाएं।

9) मध्य प्रदेश

क) व्यापारी निकायों के साथ जागरूकता गतिविधियां जारी हैं।

ख) राज्य में लाइसेंस और पंजीकरण में कुछ मुद्दे है।

10) महाराष्ट्र

क) सभी नामित अधिकारियों, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और एओज को अधिसूचित किया गया है।

ख) राज्य में प्रवर्तन प्रभावी है।

ग) 1,60,000 से अधिक लाइसेंस जारी किए गए हैं।

घ) प्रत्येक स्तर पर एक विस्तृत प्रभावी मासिक निगरानी प्रणाली को लागू किया गया है।

11) मिजोरम

क) आईईसी गतिविधियां एफबीओ के बीच जागरूकता पैदा करने में प्रभावी रहीं।

ख) 9 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अधिसूचित कर दिया गया है।

ग) 20 लाइसेंस जारी किए गए हैं।

घ) जनशक्ति की कमी के बारे में चिंता पर प्रकाश डाला गया।

12) नागालैंड

क) 11 नामित अधिकारियों और 7 एफएसओ को अधिसूचित किया गया है।

ख) राज्य में एक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला है जिसे उन्नत किया जाना अभी बाकी है।

13) ओड़ीसा

क) खाद्य सुरक्षा आयुक्त को अधिसूचित कर दिया गया है।

ख) लाइसेंसिंग/पंजीकरण शुरू नहीं हुआ है।

14) पुडुचेरी

क) खाद्य सुरक्षा आयुक्त, 1 नामित अधिकारी, 3 खाद्य सुरक्षा अधिकारी, 2 निर्णयन अधिकारियों को अधिसूचित कर दिया गया है।

ख) एनएबीएल का प्रयोगशाला प्रत्यायन प्रगति पर है।

ग) कुल जारी पंजीकरण – 431।

घ) कुल जारी लाइसेंस –57।

ङ) सरकार को 21 पदों का सृजन करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

15) पंजाब

क) खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, नामित अधिकारियों और एओज के लिए प्रशिक्षण का कार्य किया गया है।

16) तमिलनाडु

क) खाद्य सुरक्षा आयुक्त और सहायक आयुक्त, नामित अधिकारियों, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और एओज को अधिसूचित किया गया है।

ख) अधिकारियों और एओज को प्रशिक्षित किया गया है।

ग) 584 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों में से, 294 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

घ) राज्य में छह खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं है।

ङ) 345 नमूने लिए गए है और 113 का विश्लेषण किया गया, जिसमें से 80 मिलावटी/गलत रूप से ब्रॉडेड थे।

च) राज्य सरकार ने प्रयोगशालाओं में बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए 6 करोड़ रुपए मंजूर किए।

छ) 2663 लाइसेंस और 6638 पंजीकरण जारी किए हैं।

ज) 1200 व्यक्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

17) उत्तराखंड

क) 12 नामित अधिकारियों और 34 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अधिसूचित कर दिया गया है

ख) पीएफए के तहत मौजूदा लाइसेंसों की कुल संख्या 28262 थी। एफएसएस अधिनियम, 2006 के तहत 88 लाइसेंस और 2481 पंजीकरण जारी किए गए हैं।

ग) लाइसेंसिंग और पंजीकरण का कार्य दस्ती रूप से किया जा रहा है।

घ) राज्य में रुद्रपुर में बिना एनएबीएल प्रत्यायन के एक प्रयोगशाला है।

ङ) 543 नमूनों का विश्लेषण किया गया जिसमें से 80 को गलत ब्रॉड युक्त पाया गया और 2 असुरक्षित थे, 12 मामले आरंभ किए गए।

च) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल्स, नोएडा में 12 नामित अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

छ) लाइसेंस और पंजीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए एफबीओं के साथ 50 से अधिक संवादात्मक (इंटरैक्टिव) सत्र आयोजित किए गए हैं।

18) उत्तर प्रदेश

क) नामित अधिकारियों, खाद्य सुरक्षा अधिकारियो और एओएस को अधिसूचित किया गया है

ख) 250 लाइसेंस जारी किए गए, ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से 300–400 पंजीकरण किए गए थे।

ग) 3 प्रयोगशालाओं में प्रयोगशाला उपकरणों का सुदृढ़ीकरण चल रहा है।

घ) सभी प्रयोगशालाओं के लिए जीएपी विश्लेषण किया गया है।

ङ) झांसी में एक एनएबीएल प्रत्यायित प्रयोगशाला है।

च) राज्य में साप्ताहिक आधार पर एक शिकायत –निवारण प्रकोष्ठ है।

19) पश्चिम बंगाल

क) 18 जिलों और कोलकाता महानगरीय जिले के खाद्य सुरक्षा आयुक्त, नामित अधिकारियों को अधिसूचित किया गया है। 15 निर्णयन अधिकारियों को अधिसूचित कर दिया गया है।

ख) खाद्य सुरक्षा अधिकारी के रूप में खाद्य निरीक्षकों को नामित किए जाने की अधिसूचना अन्य स्थानीय निकायों के तहत विचाराधीन है।

ग) दस्ती रूप से पंजीकरण और लाइसेंसिंग शुरू कर दिया गया है।

घ) खाद्य सुरक्षा के संबंध में राज्य स्तर पर हेल्पलाइन और वेबसाइट का निर्माण प्रक्रिया के तहत है।

ङ) दूध के नमूने लिए गए और उनका विश्लेषण किया गया तथा 3 नमूने घटिया पाए गए।

राज्य खाद्य सुरक्षा आयुक्तों की सूची अनुबंध–II में है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यरत सार्वजनिक प्रयोगशालाओं की स्थिति

एफएसएस अधिनियम, 2006 के प्रभावी होने के बाद 5 अगस्त, 2011 से पीएफए अधिनियम, 1954 को निरस्त कर दिया गया, पीएफए अधिनियम के तहत खाद्य पदार्थों के नमूनों का परीक्षण करने वाली मौजूदा 72 सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं के अब खाद्य प्राधिकरण के द्वारा अधिकृत कर लिया गया है, एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 43 के तहत किसी भी अधिसूचना के जारी किए जाने तक ये एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 98 के तहत कार्य करेंगी। कोलकाता, पुणे, मैसूर और गाजियाबाद में केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशालाओं को संदर्भित खाद्य प्रयोगशालाओं के रूप में कार्य करने के लिए भी अनुमोदित किया गया है। 50 प्रयोगशालाओं के लिए जीएपी विश्लेषण किया गया है। सभी 72 प्रयोगशालाओं को एनएबीएल मानकों के लिए उन्नत किया जा है। बड़े सार्वजनिक समागमों और दुर्गम क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए मोबाइल प्रयोगशालाएं महत्वपूर्ण हैं। इसलिए सभी राज्यों के प्रत्येक जिले में एक मोबाइल प्रयोगशाला स्थापित करना प्रस्तावित किया गया है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 1 वर्ष की अवधि के लिए एफएसएस अधिनियम, 2006 के तहत खाद्य विश्लेषकों द्वारा नमूनों को विश्लेषण के उद्देश्य से 55 प्रयोगशालाओं को अधिसूचित किया है।



प्रवर्तन

1. लाइसेंसिंग

अ) **क्षेत्रिय कार्यालय**–जैसा कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 में परिकल्पित है, खाद्य व्यापार परिचालकों (एफबीओ) का केन्द्रीय लाइसेंसिंग प्रगति में है। केन्द्रीय लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए सात क्षेत्रिय कार्यालय स्थापित किए गए थे और एफएसएसएआई के क्षेत्रिय कार्यालयों में सात नामित अधिकारियों को अधिसूचित किया गया। केन्द्रीय लाइसेंसिंग प्रक्रिया एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जो लॉजिकसॉफ्ट द्वारा विकसित खाद्य लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली (एफएलआरएस) 19–08–2011 के प्रभाव से शुरु हुआ। 2011–12 के दौरान एफएसएसएआई के क्षेत्रिय नामित अधिकारियों ने एफबीओ को 413 केन्द्रीय लाइसेंस प्रदान किये जिसमें नए लाइसेंस और साथ ही पुराने लाइसेंस का रूपान्तरण भी शामिल है जिसका विस्तृत ब्यौरा नीचे दिया गया है–

तालिका 1– 2011–12 के दौरान जारी केन्द्रीय लाइसेंस का ब्यौरा

31–03–2012 तक क्षेत्रवार जारी किए लाइसेंस की संख्या				
क्रम संख्या	क्षेत्र	नए	रूपान्तरण	कुल
1.	चंडीगढ़	25	34	59
2.	चेन्नई	9	107	116
3.	दिल्ली	40	38	78
4.	गुवाहाटी	1	13	14
5.	कोलकात्ता	6	27	33
6.	लखनऊ	12	21	33
7.	मुम्बई	19	61	80
कुल		112	301	413

ब) **भारतीय रेलवे**– भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने भारतीय रेलवे के सभी जोन में 17 नामित अधिकारियों और 26 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अधिसूचित किया है।

स) **राज्यों/कें.शा.प्र. में लाइसेंसिंग**– सभी राज्यों /कें.शा.प्र. ने अपने राज्य व केंशाप्र में खाद्य सुरक्षा कमिश्नर, जिलावार नामित अधिकारियों (लाइसेंसिंग अधिकारी) और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अधिसूचित कर दिया है। खाद्य व्यापार परिचालक, जो एफएसएस (खाद्य व्यापार की लाइसेंसिंग और पंजीकरण) नियमन, 2011 के अंतर्गत दिए गए आवश्कताओं का पालन करते हैं, उन्हें लाइसेंसिंग और पंजीकरण दिया जा रहा है। वर्ष 2011–2012 के दौरान, जारी की गई लाइसेंस की संख्या 91983 थी और पंजीकरण की संख्या 133973 थी जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है–

साल 2011–12 के लिए लाइसेंसिंग एवं पंजीकरण पर रिपोर्ट

क्रम संख्या	राज्य का नाम	जारी लाइसेंस की संख्या	जारी पंजीकरण की संख्या
1	अंडमान निकोबार द्वीप समूह	55	184
2	आंध्र प्रदेश	192	शून्य
3	अरूणाचल प्रदेश	56	90
4	असम	लागू नहीं	लागू नहीं
5	बिहार	935	1704
6	चंडीगढ़	लागू नहीं	लागू नहीं
7	छत्तीसगढ़	शून्य	शून्य
8	दादर एवं नागर हवेली	27	13
9	दमन व द्वीप	लागू नहीं	लागू नहीं
10	दिल्ली	शून्य	शून्य
11	गोवा	244	1544
12	गुजरात	934	5251
13	हरियाणा	87	1266
14	हिमाचल प्रदेश	लागू नहीं	लागू नहीं

15	जम्मू एवं कश्मीर	7	287
16	झारखंड	शून्य	शून्य
17	कर्नाटक	1014	3956
18	केरल	2351	10860
19	लक्षद्वीप	शून्य	शून्य
20	मध्य प्रदेश	262	1635
21	महाराष्ट्र	72327	72507
22	मणिपूर	लागू नहीं	लागू नहीं
23	मेघालय	184	48
24	मिजोरम	लागू नहीं	लागू नहीं
25	नागालैंड	शून्य	शून्य
26	उड़ीसा	लागू नहीं	लागू नहीं
27	पुडुचेरी	34	236
28	पंजाब	164	94
29	राजस्थान	10541	29102
30	सिक्किम	शून्य	शून्य
31	तमिलनाडु	858	2229
32	त्रिपुरा	लागू नहीं	लागू नहीं
33	उत्तराखंड	88	2481
34	उत्तर प्रदेश	1623	486
35	पश्चिम बंगाल	लागू नहीं	लागू नहीं
	कुल	91983	133973

2. खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली(एफएसएमएस)–

निरीक्षण/अंकेक्षण निकाय और लेखा परीक्षकों/निरीक्षकों की मान्यता के लिए एक अभिरुचि अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की गई। मान्यता प्राप्त निरीक्षण लेखा परीक्षण एजेंसियों की आवश्य

निम्नांकित काम को संपन्न करने के लिए होगी–

अ) खाद्य सुरक्षा और मानक (लाइसेंसिंग और पंजीकरण) नियमन, 2011 के लाइसेंस और अनुसूची 4 की शर्तों में उल्लेखित सफाई और स्वच्छता आवश्यकताओं के संदर्भ में खाद्य व्यापार का निरीक्षण। ये निरीक्षण, एफएफएसएआई द्वारा परिभाति निरीक्षण रिपोर्ट प्रारूप के अनुसार होंगे।

ब) नए स्थापित खाद्य व्यापार इकाईयों की कमिशनिंग से पूर्व निरीक्षण संचालित करना।

स) खाद्य व्यापार इकाईयों की पुष्टि के लिए प्राधिकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश के अनुसार नियमित/अघोषित निरीक्षण संचालित करना ताकि एफएसएस के अंतर्गत बनाए गए नियमनों का अनुपालन हो।

द) लाइसेंसिग प्राधिकारी द्वारा इंगित कमियों की सुधार की पुष्टि के लिए पुनरर्क्षिण संचालित करना।

व) एफबीओ की आवश्यकता पर खाद्य व्यापार का आवधिक खाद्य सुरक्षा वार्षिक लेखा संचालित करना।

फ) एफबीओ के लिए खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली योजना बनाना और इस प्रभाव में प्रमाणपत्र जारी करना।

ज) मूल्यांकन /लेखा परीक्षण/ निरीक्षण अनुशंसाओं के कार्यान्वयन का प्रणालीगत फॉलो–अप विकसित करना।

एफएसएसआई के साथ निम्नांकित आठ एजेंसियां पैनल में हैं–

1. **भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद, नई दिल्ली**
2. **इंडियन रजिस्टर क्वालिटी सिस्टम, नई दिल्ली**
3. **आईएनडीओसीईआरटी, कोच्चि**
4. **टीयूवी एसयूडी, दक्षिण एशिया**
5. **डेट नोर्स्के वर्टियाज**
6. **वन सर्ट, जयपुर**
7. **राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, नई दिल्ली**
8. **एसजीएस इंडिया प्रा. लिमिटेड**

पंजीकरण की प्रक्रिया



भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
वेबसाइट–fssai.gov.in
निःशुल्क नम्बर–1800112100

fssai

लाइसेंसिंग की प्रक्रिया



भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
वेबसाइट–fssai.gov.in
निःशुल्क नम्बर–1800112100

fssai



सैंपलिंग और विश्लेषण के लिए नई प्रक्रिया (अनुभाग 47)



जब एक खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थ का नमूना विश्लेषण के लिए लेता है तो वह–

अ) जिस व्यक्ति से वह नमूना ले रहा है और जिस व्यक्ति, यदि कोई है, का नाम, पता और अन्य विवरण का खुलासा लिया गया है उसे लिखित में नमूने के विश्लेषण के बारे में नोटिस देगा,

ब) नियम में दिए अनुसार विशेष मामलों को छोड़कर नमूनों को चार भागों में बांटेगा और चिह्नित करेगा तथा प्रत्येक भाग को इसकी प्रकृति के अनुसार सीलबंद करेगा और उस व्यक्ति, जिससे नमूना लिया गया है का हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लेगा।

1) नामित अधिकारी को सूचना के अंतर्गत विश्लेषण के एक भाग को खाद्य विश्लेषण को भेजेगा

2) इसे सुरक्षित कस्टडी में रखने के लिए इसके दो भागों को नामित अधिकारी को भेजेगा

3) शेष भाग को विश्लेषण के लिए किसी मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला को भेजेगा, यदि नामित अधिकारी को सूचना के अंतर्गत खाद्य व्यापार परिचालक द्वारा ऐसा आग्रह किया गया है

यदि जांच रिपोर्ट उप–खंड (1) और (111) के अंतर्गत प्राप्त जांच रिपोर्टों में विविधता पाई जाती है तो नामित अधिकारी उसकी कस्टडी के नमूने के एक भाग को विश्लेषण के लिए रेफरल प्रयोगशाला में भेजेगा जिसका निर्णय अंतिम होगा।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

एफडीए भवन, कोटला रोड, बाल भवन के करीब, नई दिल्ली–110002

वेबसाइट– fssai.gov.in

निःशुल्क नम्बर–1800112100

प्रयोगशाला

वर्ष 2011–12 के दौरान चार केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला में विश्लेषित और मिलावटी पाए गए नमूनों की संख्या का विवरण

केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला का नाम	पीएफए अधिनियम/ एफएसएसए के अनुसार 12(12ए) 13(बी) के अंतर्गत ट्रायल कोर्ट से		पीएफए अधिनियम/ एफएसएसए के साथ नहीं जुड़े कस्टम, कोर्ट स्वास्थ्य अधिकारी, सरकारी विभाग एवं विशेष नमूने से		परीक्षात्मक नमूने और उन लोगों का सहयोगात्मक अध्ययन		कुल	
	विश्लेषण किया गया	मिलावटी	विश्लेषण किया गया	मिलावटी	विश्लेषण किया गया	मिलावटी	विश्लेषण किया गया	मिलावटी
सीएफएल, पुणे	804	699	257	38	396	.	1457	737
सीएफएल, कोलकाता	72	35	725	51	339	296	1136	382
एफआरएसएल, गाजियाबाद	248	215	141	56	.	.	389	271
सीएफटीआरआई, मैसूर	1450	754 269(अनुपयुक्त)	494	50	99	38	2043	842

- **खाली स्तम्भ और कतारें दर्शाती हैं कि आंकड़ों को संकलन किया जा रहा है।**

एफएसएसएआई अधिसूचित प्रयोगशाला के रूप में पैनल पर आने के लिए विविध एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से आवेदन मंगाने के लिए एफएसएसएआई ने 26 अगस्त, 2011 को एक अभिरूची की अभिव्यक्ति जारी की गई। कई आवेदन प्राप्त हुए जिनकी एक समिति द्वारा छानबीन की गई। आधारभूत आवश्यकता, एनएबीएल मान्यता और अनुमोदित परीक्षण के दायरे थे। आरंभ में प्रयोगशालाओं को 3 महीने के तदर्थ आधार पर 12–12–2011 तक अधिसूचित किए गए थे जो कि आगे 12–03–2012 तक 3 महीने और बढ़ाया गया। 31–3–2012 तक, 32 प्रयोगशालाएं तदर्थ आधार पर प्राधिकृत थीं। राज्य प्रयोगशालाएं, एफएसएस अधिनियम, 2006 के अंतर्गत अधिसूचित प्रयोगशाला के रूप में काम करना जारी रखती हैं। प्रयोगशालाओं का ब्योरा नीचे दिया गया है:

क्षेत्र	क्रम संख्या	प्रयोगशालाओं का नाम	पता
दक्षिण क्षेत्र (केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, लक्षद्वीप)	1	एसजीएस इंडिया प्रा. लि., चेन्नई	मल्टीलैब, 1 / 509 ए, पुराना महाबलीपुरम रोड, सरकारी विद्यालय के विपरीत, थोराइपक्कम, चेन्नई–600096 टेलिफोन :+91-(44) 66693001 to 10 ईमेल : agrilab.chennai@sgs.com
	2	स्टर्लिंग टेस्ट हाउस, कोच्चीन	उच्चीकल लेन, पुनिथुरा पोस्ट, कोच्चीन–682038 टेलिफोन :91-484-2306598, 2301582 ई–मेल: sterlingtesthouse@asianetindia.com
	3	सरगम प्रयोगशाला प्रा. लि., चेन्नई	2, रामावरम रोड, मनपक्कम, चेन्नई–600089, टेलिफोन: 044 – 2249 1117 / 6736 / 2069, फैक्स: 044 – 2249 1651 ई–मेल: enquiry@sargamlabs.com
	4.	विमता, हैदराबाद	लाइफ साइंसेज फैसिलिटी, 5, अलेक्जेड्रिया नालेज पार्क, जिनोम वैली, हैदराबाद– 500078 टेलिफोन : 91-40-67404040 ई–मेल : vimtahq@vimta.com
	5.	एफसी लैब, चेन्नई	छठा तल, सीएमडीए, टॉवर–2, गांधी इरविन रोड़, ईगमोर, चेन्नई – 600008
	6.	एक्सपोर्ट इंस्पेक्शन एजेंसी, कोच्चीन	वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, 27 1767 ए, शिपयार्ड क्वार्टर रोड, पनमपिलि नगर, कोच्चीन–682036 ई–मेल :kochilab@eicindia.gov.in टेलिफोन: 0484-2316945, 2316946,2316949
	7.	क्वालिटी इवैल्युएशन लेबोरेटरी, कोच्चीन	स्पाइस बोर्ड सुगंधा भवन बाईपास, पी वी सं 2277, पलारिवत्तम, कोच्चीन–682025.
	8	नेशनल कोलेटरल हैदराबाद	4–7–18 /6बी, राघवेन्द्र नगर, नच्चाराम, हैदराबाद–500076 टेलिफोन : 040-44858686 ई–मेल : quality @ncmsl.com

fssai

	9.	भगवती अन्ना लैब्स लि.	प्लाट न. 7–2–सी7 और 8 /एफ, औद्योगिक स्टेट, सनथनगर, हैदराबाद–500018 टेलिफोन: + 91-40-2381 1535/1545/0505 ई–मेल :ballcentrallab@gmail.com
	10	इंटरफील्ड लेबोरेटरिज, कोच्चीन	XIII/1208 इंटरप्रिंट हाउस, करुवेलिपड्डी, कोच्ची, 682005 0484-2210915,0484-2212465 analysis@iflab.in mail@interfieldlaboratories.com
	11	एसजीएस कोच्चीन	एस्पिन वाल बिल्डिंग, सुब्रमनियन रोड, कोच्चीन–682003 टेलिफोन :0484-2668913,2668914 ई–मेल: Baby.UmaMaheswaran@sgs.com
पश्चिमी क्षेत्र (गुजरात, महाराष्ट्र, दादर एवं नागर हवेली, दमन एवं द्वीप, गोवा, मध्य प्रदेश)	12	रिलायबल एनालिटिकल लैब प्रा. लिं., मुम्बई	रिलायबल हाउस, 125, इंडियन कोर्पोरेशन काम्प्लेक्स, मनकोली, भिवांडी, थाने–421302, महारा ट्र टेलिफोन : 91-02522-398100 ई–मेल : meenal@reliablelabs.org
	13	एनवारोकेयर लेबोरेटरिज प्रा. लि., मुम्बई	ए–7, एमआईडीसी, वाग्ले इंडस्ट्रियल स्टेट, मेन रोड, थाने–400604 टेलिफोन: +91-22-25838286, 87, 88 ई–मेल : info@envirocare.co.in
	14	माइक्रो केम, मुम्बई	माइक्रो केम हाउस, ए–513, टीटीसी औद्योगिक क्षेत्र, एमआईडीसी, महावे नवी, मुम्बई–400701 ई–मेल: deepa@microchem.co.in टेलिफैक्स : 022-27787800
	15	अश्वमेघ इंजीनियर्स एवं कनसल्टेंट, नासिक	सर्वे सं–102, प्लाट सं.–26, वदाला पाथरडी रोड, इंदिरा नगर, नासिक–422009 टेलिफोन : 0253-2392225 ई–मेल : sales@ ashwamedh.net, ashwamedh_nashik@hotmail.com
	16	गुजरात लेबोरेटरिज, अहमदाबाद	F/17,माधवपुर मार्केट, साहीबाग, अहमदाबाद–380004
	17	आरसीए लेबोरेटरिज, मुम्बई	(डा. अमीन कंट्रोलर्स प्रा. लि. का एक प्रभाग)501/502, , मिलन औद्योगिक इस्टेट, अभ्युदय नगर, कॉटन ग्रीन, ऑफ टी जे रोड, मुम्बई–400033 टेलिफोन: 24706275, 65247404/09, ई–मेल:laboratory@rcaindia.com, drmore@rcaindia.com





	18	आईएडीएफएसी लेबोरेटरिज प्रा. लि., बंगलोर	1431, पहली मंजिल, कैफे कॉफी डे, 22 क्रॉस, 22 मेन, बनसंकरी दूसरा चरण, बंगलोर–560070
	19	जियो केम, मुम्बई	प्रगति, क्रोम्प्टन ग्रीव्स के समीप, कंजुरमार्ग (ई), मुम्बई
	20	मार्क लैब प्रा. लि., पुणे	प्लाट सं. 1 एवं 2, द्वार सं. 27, नांदेड फटा, सिंघाद रोड, पुणे. 411041 020-24395052,65213313 maarclab@vsnl.net maarc_lab@dataone.in
	21	एक्सपोर्ट इंस्पेक्शन काउंसिल लैब, मुम्बई	पायलट टेस्ट हाउस, ई–3, एमआईडीसी, मोराल, अंधेरी (ईस्ट) मुम्बई–400013 महाराष्ट्र
पूर्वक्षेत्र **(पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, झारखंड, सिक्किम, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड)**	22	एक्सपोर्ट इंस्पेक्शन एजेंसी लेबोरेटरी, कोलकाता	एक्सपोर्ट इंस्पेक्शन एजेंसी लेबोरेटरी, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, 14–1बी, एजरा स्ट्रीट, कोलकाता
	23	कलकता युनिवर्सिटी, कोलकाता	रसायन प्रोद्योगिकी विभाग, 92, आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रोड, कोलकाता–700009 **टेलिफोन:**033 23509937/ 8386/6387,Extn: 276 **ई–मेल :** mgchemtech@caluniv.ac. in
	24	राज्य सरकार, कोलकाता	पश्चिम बंगाल लोक स्वास्थ्य प्रयोगशाला, 2 कॉन्वेंट मार्ग, कोलकाता–700009 **टेलिफोन :** 033 23295974/23299225 **फैक्स :** 033 23297289 **ई–मेल :** publichealth@bsnl.in
	25	मित्रा एस. के. प्रा. लिं., कोलकाता	स्राची केन्द्र (पांचवी मंजिल), 74बी, आचार्य जगदीश चंद्र बोस मार्ग, कोलकाता–700015 **टेलिफोन :** 033- 22172249, 22177484/85 **फैक्स** – 033-22650008 **ई–मेल** - infor@mitrask.com, mitrask@satyam.net.in

fssai

उत्तरी क्षेत्र **(दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, जम्मू एवं कश्मिर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा)**	26	टीयूवी एसयूडी, दिल्ली	सी-153/1, ओखला औद्योगिक इस्टेट, फेस–1, नई दिल्ली–1100020 **टेलिफोन :** 011 – 3088 9611 **मोबाइल:**09717124445 **ई–मेल:** info@tuv-sud.in
	27	एईएस लैब, नोयडा	बी -118, फेस -II, नोयडा – 201304 **टेलिफोन:** 0120-3047900 **फैक्स:** 3047914 **ई–मेल** :support@aeslabs.com
	28	पंजाब जैवप्रौद्योगिकी, मोहाली	एससीओ 7 और 8 (अंतिम मंजिल), फेस–5, एसएएस नगर, मोहाली– 160059, पंजाब **टेलिफोन:** +91-172-020895, 5020894, 5093595 **टेलिफैक्स :** +91-172-5020895 **ई–मेल :** pbti2005@yahoo.com
	29	दिल्ली टेस्ट हाउस, दिल्ली	ए–62/ 3, जी.टी. करनाल रोड, औद्योगिक क्षेत्र, हंस सिनेमा के विपरित, आजादपुर, नई दिल्ली–110033 **टेलिफोन :** 011-47075555 **ई–मेल :** info@delhitesthouse.com
	30	फेयर लैब्स प्रा. लिं., गुड़गांव	पी–94, सेक्टर–30, गुड़गांव–122002, **टेलिफोन :** +91-124-4223207-08, 4034205 **फैक्स :** +91-124-4036038 **ई–मेल :**farelabs@farelabs.com
	31	एसजीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव	267, उद्योग विहार, फेज–4, गुड़गांव–122015 **टेलिफोन:** 0124-6776070, 09871995085, **फैक्स:** 2399765
	32	श्री राम इंस्टिट्युट, दिल्ली	श्री राम इंस्टिट्युट फार इंडस्ट्रियल रिसर्च, 19 विश्वविद्यालय रोड, दिल्ली–110007



कोडेक्स मैटर

1. कोडेक्स

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कोडेक्स एलिमेंटारियस कमिशन के साथ संपर्क के लिए और देश में विविध कोडेक्स गतिविधियों के संयोजन के लिए नेशनल कोडेक्स कान्टेक्ट प्वाइंट है।

कोडेक्स बैठक में भागीदारी:

वर्ष 2011–12 के दौरान, अन्य मंत्रालयों /विभागों के साथ कोडेक्स के काम में शामिल एफएसएसएआई ने निम्नांकित कोडेक्स कमिटी की बैठकों में भाग लिया है:

- खाद्य पदार्थों की लेबलिंग पर कोडेक्स समिति का 39 वां सत्र (सीसीएफएल), 9–13 मई, 2011
- कोडेक्स एलिमेंटारियस आयोग का 34वां सत्र (सीएसी), 4–9 जुलाई, 2011
- खाद्य आयात और निर्यात निरीक्षण और प्रमाणीकरण प्रणाली पर कोडेक्स समिति का 19वां सत्र (सीसीएफआईसीएस), 17–21 अक्तूबर 2011
- विशेष आहार उपयोग के लिए पो ाण और खाद्य पर कोडेक्स समिति का 33 वां सत्र (सीसीएनएफएसडीय) 14–18 नवम्बर 2011
- खाद्य स्वच्छता पर कोडेक्स समिति का 43 वां सत्र (सीसीएफएच)5–9 दिसम्बर 2011
- फूड एडिटिव पर कोडेक्स समिति का 44वां सत्र (सीसीएफए), 12–16 मार्च, 2012

दो भौतिक कार्य समूहों में भागीदारी (पीडब्ल्युजी) :

एफएसएसएआई ने दो पीडब्ल्युजी में भी भाग लिया– पोषण सामग्री दावों के लिए अतिरिक्त शर्तों पर चर्चा पेपर और सीसीएफएल के 39वें सत्र के लिए पोषण और स्वास्थ्य दावों के उपयोग के लिए दिशानिर्देश में तुलनात्मक दावे और सीसीएफआईसीएस के 19वें सत्र के लिए पो ाण खाद्य नियंत्रण प्रणाली के लिए प्रस्तावित मसौदा सिद्धान्त और दिशानिर्देश।

विविध इलेक्ट्रानिक कार्य समूह में एक सक्रिय भागीदारी रहा है (ईडब्ल्युजी) :

पो ाण एवं स्वास्थ्य दावा, रूपान्तरित मानकीकृत सामान्य नाम के इस्तेमाल, जैविक रूप से उत्पादित खाद्य पदार्थों के उत्पादन, प्रसंस्करण, लेबलिंग और विपणन के लिए दिशानिर्देश में शामिल करने किए जाने वाले पदार्थों के लिए समीक्षा प्रस्ताव (सीएजीएल 32–1999) और अनिवार्य पो ाण लेबलिंग के लिए दिशानिर्देश में प्रस्तावित मसौदा संशोधन पर फूड लेबलिंग (2011) पर कोडेक्स समिति के इलेक्ट्रानिक कार्य समूह में भारत ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

fssai

कोडेक्स एलिमेन्टारियस आयोग के अध्यक्ष के रूप में भारतीय अधिकारी

कोडेक्स एलिमेन्टारियस आयोग के अध्यक्ष के पद के लिए भारत के प्रत्याशी के रूप में एफएसएसएआई ने वाणिज्य मंत्रालय के कृषि और प्रसंस्करण खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) के निदेशक श्री एस. दवे को नामित किया। जुलाई 2011 में वह निर्विरोध चुने गए। यह पहली बार है कि कोई भारतीय कोडेक्स एलिमेन्टारियस समिति का अध्यक्ष बना।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण

एफएसएसएआई ने मालद्वीप के दो अधिकारियों और एफएसएसएआई के 10 अधिकारियों के लिए 25–29 अप्रैल 2011 के दौरान कोडेक्स और भारत में इसकी गतिविधियों पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया।

इन्फोसान

अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकारी नेटवर्क (एन्फोसान–आईएनएफओएसएएन) में भारत से एफएसएसएआई एक फोकल बिन्दु है और खाद्य सुरक्षा से संबंधित घटनाओं के दौरान सूचना के तीव्र विनिमय को बढ़ावा देने, वैश्विक रूचि के महत्वपूर्ण खाद्य सुरक्षा संबंधि मुद्दों पर सूचना साझेदारी, देशों के बीच साझेदारी और सहयोग को बढ़ावा देने और देशों को खाद्य सुरझा जोखिम के प्रबंधन की क्षमता को सुदृढ़ करने में मदद देने के लिए इसने इन्फोसान की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।




आयातित भोजन की सुरक्षा

वैश्विकरण, बढ़ती आय, बढ़ती आकांक्षाएं, संगठित खुदरा व्यापार का विकास, बदलती जीवन शैली एवं खाने की आदतों ने घरेलू उपभोक्ताओं के बीच मिश्रित भोजन पदार्थों की मांग को बढ़ाया है। इसलिए, भारत में खाद्य पदार्थों की आयात में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस परिप्रेक्ष्य में, खाद्य आयात के नियमन के लिए और नियंत्रण के उपायों की आवश्यकता है क्योंकि आयात से लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अनुभाग 25 के अनुसार, सभी खाद्य सामग्री का आयात अधिनियम के प्रावधानों के अधीन है। यह इस बात का प्रावधान करता है कि कोई भी व्यक्ति अधिनियम या उसके अंतर्गत बनाए गए किसी नियम और नियमन के विरुद्ध भारत में किसी भी खाद्य सामग्री का आयात नहीं करेगा। इसके अनुसार केन्द्र सरकार विदेश व्यापार (विकास एवं नियमन) अधिनियम, 1992 (1992 का 22) के अंतर्गत खाद्य सामग्री के आयात को प्रतिबंधित, सीमित या नियमित करते समय इस अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम और नियमन के अंतर्गत खाद्य प्राधिकरण द्वारा बनाए गए मानकों का अनुपालन करेगा। साथ ही, एफएसएस अधिनियम, 2006 के अनुभाग 47 (5) के अनुसार, आयातीत खाद्य सामग्री के मामले में खाद्य प्राधिकरण का अधिकृत अधिकारी इसका नमूना लेगा और किसी अधिसूचित प्रयोगशाला के खाद्य विश्लेषक को विश्लेषण के लिए भेजेगा जो कि अधिकृत अधिकारी को पांच दिनों के अंदर रिपोर्ट देगा।

तद्नुसार, इस अधिनियम के अंदर, एफएसएसएआई के पास देश में आयातित खाद्य सामग्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का स्पष्ट आदेश है। इस परिप्रेक्ष्य में, एफएसएसएआई ने एफएसएस अधिनियम, 2006 के अनुभाग 47(5) के संदर्भ में अधिकृत अधिकारी की नियुक्ति के माध्यम से अगस्त–सितम्बर 2010 से एक चरणबद्ध तरीके में खाद्य आयातित क्लियरेंस सिस्टम (एफआईसीएस) का दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई एवं कोलकाता पोर्ट (समुद्र, वायु और भू सहित) के 10 प्रवेश पोर्ट में सफलतापूर्वक संचालन किया है। आगे एफएसएसएआई अतिरिक्त प्रवेश बंदरगाहों को संचालित करने की प्रक्रिया में है। इकट्ठा किए गए नमूनों और जारी एनओसी की संख्या को तालिका 1 में नीचे दिया गया है और ग्राफ–1 में चित्रात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया है–

fssai

तालिका 1–लिए गए नमूने एवं जारी एनओसी के आंकड़े (अप्रैल 2011–मार्च 2012)

बंदरगाह का नाम	लिए गए नमूनों की संख्या	जारी एनओसी की संख्या
कोलकाता बंदरगाह, हवाई अड्डा एवं हल्दिया बंदरगाह	1985	2026 **
चेन्नई बंदरगाह एवं हवाई अड्डा	13005	12988
दिल्ली हवाई अड्डा एवं अन्य आईसीडी	650	579
मुम्बई बंदरगाह, हवाई अड्डा एवं जेएनपीटी पोर्ट	35488	34824

" जारी एनओसी की संख्या लिए गए नमूनों से ज्यादा हो सकती है क्योंकि 01.04.2011 से पहले की अवधि के लिए भी एनओसी उसमें हो सकता है।

ग्राफ 1– लिए गए नमूने एवं जारी एनओसी (अप्रैल 2011 –मार्च 2012)





2011–2012 के दौरान एफएसएसएआई द्वारा तैनाती वाले पोर्ट्स के माध्यम से आयातित खाद्य सामग्रियों को मात्रा और उत्पाद प्रकार के संदर्भ में नीचे दिए गए ग्राफ 2 से 5 में दिखाया गया है–

ग्राफ 2– आयात और आयात वितरण की मात्रा –मुम्बई पोर्ट के लिए उत्पाद प्रकार



ग्राफ 2(ए)



ग्राफ 2 (बी)

fssai

ग्राफ 3– आयात और आयात वितरण की मात्रा–चेन्नई पोर्ट के लिए उत्पाद प्रकार



ग्राफ 3 (ए)



ग्राफ 3 (बी)



ग्राफ 4– आयात और आयात वितरण की मात्रा –नई दिल्ली पोर्ट के लिए उत्पाद प्रकार



ग्राफ 4(ए)



ग्राफ 4(बी)

fssai

ग्राफ 5– आयात और आयात वितरण की मात्रा –कोलकाता पोर्ट के लिए उत्पाद प्रकार



ग्राफ 5(ए)



ग्राफ 5(बी)



प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष खाद्य संरक्षा आयुक्तों (एफएससी'ज), निर्णायक अधिकारियों (एओ'ज), पदनामित अधिकारियों (पदनामित अधिकारियों) के लिए कई अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं/सेमिनार इत्यादि संचालित किए गए हैं।

प्रमुख पहलें:

प्रशिक्षण कार्यक्रम

(i) खाद्य संरक्षा आयुक्तों (एफएससी'ज) के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम 23–25 मई, 2011 के दौरान फरीदाबाद, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, नई दिल्ली में ।

(ii) पदनामित अधिकारियों के लिए कई अभिविन्यास कार्यक्रम

क्र. सं.	तिथियां	स्थान
1	23–08–2011 से 27–08–2011 तक	बेंगलुरू
2	05–09–2011 से 09–09–2011 तक	नोएडा
3	13–09–2011 से 16–09–2011 तक	गुवाहाटी
4	15–11–2011 से 18–11–2011 तक	गुजरात
5	21–02–2012 से 25–02–2012 तक	चेन्नई

(iii) निर्णायक अधिकारियों के लिए कई अभिविन्यास कार्यक्रम

क्र. सं.	तिथियां	स्थान
1	21–02–2012 से 23–02–2012 तक	चेन्नई

कार्यशालाएं तथा मेले

1. एफएसएसएआई द्वारा खाद्य संरक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता का आकलन/निर्धारण करने के लिए "खाद्य संरक्षा क्षेत्र में मानव संसाधन विकास हेतु शैक्षिक ढांचे का विकास" हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला 3 –4 नवम्बर, 2011 को एफएसएसएआई, एफडीए भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई।

2. भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) और संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा भारतीय उद्योग व्यापार संघ (फिक्की) की सहायता से 14 दिसम्बर, 2011 को मुंबई में "खाद्य रिटेल चेन में संरक्षा तथा गुणवत्ता नियंत्रण सुधार" पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य रिटेल चेन में खाद्य संरक्षा हेतु एक मजबूत नियामक तंत्र का विकास समर्थन था। इसके कार्यान्वयन के सुनिश्चयन के साथ खाद्य चेन के विभिन्न चरणों में खाद्य गुणवत्ता तथा संरक्षा सुधार और गुणवत्ता तथा संरक्षा अनुरक्षण रिटेलर की जिम्मेदारी होगी।

3. एफएसएसएआई ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 12 से 16 मार्च, 2012 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य शो — "आहार" में भाग लिया। एफएसएसएआई द्वारा किसी अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भाग लेने का यह पहला अवसर था। अल्प समय में एफएसएसएआई का यह प्रयास सराहनीय था। आयोजन में संचार और सहक्रिया के सभी स्वरूप मौजूद थे जैसेकि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (खाद्य संरक्षा पर टीवी कॉमर्शियल्स का प्रदर्शन), प्रोत्साहन गतिविधियां (पुस्तिका, पर्चे तथा इश्तहार इत्यादि का वितरण)।

व्यवसायिक संस्थाओं के साथ सहलग्नता

क. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (आईजीएनओयू), गृहिणियों, युवा कन्याओं को कौशल प्रदान करने हेतु पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए।

ख. भारतीय लोक स्वास्थ्य संस्थान (आईआईपीएच), हैदराबाद क्षमता निर्माण के लिए अर्थात खाद्य संरक्षा अधिकारी, राज्य नियामक स्टाफ, पदनामित अधिकारी, निर्णायक अधिकारी और खाद्य संचालकों के लिए पाठ्यक्रम सामग्री तैयार करने के लिए।

ग. राष्ट्रीय पोषण संस्थान, (एनआईएन) हैदराबाद – आहार अनुपूरकों हेतु।

घ. भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बेंगलुरू – खाद्य संरक्षा योजना हेतु।

ङ. राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल – उत्कृष्टता केन्द्र।

च. राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड, आणंद – उत्कृष्टता केन्द्र।

छ. निर्यात निरीक्षण परिषद –आयात खाद्य नमूनों का परीक्षण।

ज. भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) – प्रयोगशालाओं हेतु अंतराल अध्ययन।

झ. सीएफटीआरआई मैसूर – मांस मुद्दों हेतु मैसूर में नोडल प्रयोगशाला।

ञ. कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) – मानकों के सामंजस्यीकरण हेतु एसपीएस उपायों के संदर्भ में सूचना विनिमय।

ट. भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) – मांस संबंधी मुद्दे।

fssai

सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी)

आईईसी गतिविधियां आवश्यकता आकलन, दृढ़ शैक्षिक सिद्धांतों और लक्ष्यों तथा उद्देश्यों के एक स्पष्ट समुच्चय के उपयोग द्वारा आवधिक मूल्यांकन के आधार पर विकसित की गई हैं। इसका मूल उद्देश्य जागरूकता पैदा करना, एफएसएसएआई की दृश्यता वृद्धि और मूल्यवान सूचना के प्रसार हेतु कानून, विनियमों के बारे में शिक्षित करना करना और लक्ष्य वर्ग को जोड़ना तथा सशक्त बनाना है।

खाद्य संरक्षा पर विज्ञापन – पैन भारत

एफएसएसएआई ,द्वारा अपनी अंतिम स्वरूप में सूचीबद्ध एजेन्सियों के माध्यम से संचार की एक सरल कार्यनीति अपनाई गई तथा पूरे देश में बहुभाषीय विधा में प्रिंट मीडिया विज्ञापन जारी किया गया। एफएसएसएआई पर पर्चे तथा विवरणिका और उस तरह का साहित्य तैयार और वितरित किया गया।

प्रिंट मीडिया

जन अभियान, विज्ञापनलेख, वर्गीकृत विज्ञापन, कलैंडर, पुस्तिकाएं इत्यादि सहित समाचारपत्रों/आवधिक पत्रिकाओं/पत्रिकाओं में प्रकाशन में नवोन्मेषो का डिजाइन और विमोचन।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया

टीवी स्पॉट्स

खाद्य संरक्षा तथा सामान्य स्वच्छता संबंधी मुद्दों पर टीवी स्पॉट्स का डिजाइन व निर्माण किया गया तथा डीएवीपी के माध्यम से विभिन्न टीवी चैनलों में जारी किए गए।

एआईआर पर रेडियों जिंगल्स (पैन भारत)

ऐसे अंतिम रूप दिए गए रेडियों जिंगल्स एफएम गोल्ड तथा ऑल इंडिया रेडियो के चैनलों पर प्रसारित किए गए।

दूरदर्शन पर फीचर कार्यक्रम – "कल्याणी" ।

खाद्य संरक्षा पर "कल्याणी कार्यक्रम" की 30 मिनट की अवधि की 6 कड़ियां दूरदर्शन के 8 क्षेत्रीय केन्द्रों लखनऊ, भोपाल, जयपुर, रायपुर, रांची, गुवाहाटी, भुवनेश्वर, पटना से प्रसारित की गईं।

आउटडोर

बस शेल्टरों तथा रेलवे स्टेशनों पर होर्डिंग बैनरों इत्यादि के जरिये आउटडोर अभियान चलाए गए।

समाज के सभी वर्गों में जागरूकता पैदा करना तथा खाद्य संरक्षा हेतु लक्ष्य श्रोतावर्ग की पहचान संचार कार्यनीति का केन्द्रबिन्दु रहा है। तथापि, एक अधिक मुद्दा आधारित जागरूकता अभियान तैयार किया जा रहा है जैसेकि हम कौन हैं? हम क्या करते है? और हमारे ग्राहक कौन हैं?, जिसमें नए खाद्य संरक्षा एवं मानक नियमों तथा विनियमों के बारे में जागरूकता और अधिनियम का सार, प्रक्रियाओं, मानकों, लेबलिंग, निगरानी तथा उत्पाद अनुमोदन प्रवर्तन के पहलू शामिल किए जाएंगे। नए खाद्य नियमों तथा विनियमों के बारे में सामान्य जागरूकता हेतु सुधार सूचनाएं। यह जागरूकता अभियान बहुभाषा तथा मल्टीमीडिया प्रारूप में होगा तथा इग्नू एनजीओ, मीडिया संसाधन व्यक्तियों की व्यापार संस्थाओं और उद्योग संघों इत्यादि को जोड़ा जाएगा।



ई–शासन और पुस्तकालय

प्राधिकरण के सभी कार्य अब इलेक्ट्रॉनिक विधाओं में किए जा रहे हैं। एफपीओ और पीएफए से संबंधित पुराने अभिलेखों का अंकीयकरण, एनआईसी सेंटर में अनुरक्षित एनाआईसी डेटा सेंटर तथा सर्वर पर एफएसएसएआई वेबसाइट प्रदर्शित करना। एनआईसी परिसर में एफएसएसएआई डेटा रिकवरी सेंटर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एनआईसी टीम द्वारा सुरक्षा ऑडिट तथा ई–कार्यालय प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

एनआईएसजी द्वारा आयातित खाद्य मंजूरी हेतु सॉफ्टवेयर सहायता अन्तःगृह अभिकरण मैसर्स लॉजिकसॉफ्ट प्रा0 लि0 के माध्यम से। केन्द्रीय लाइसेंसिंग सॉफ्टवेयर का डिजाइन और विकास विचाराधीन है तथा कार्य योग्य पाए जाने पर राज्यों से निवेश द्वारा पूर्ण किया जा सकता है।

पत्तनों, प्रयोगशाला सहित बंदरगाहों में सभी एफएसएसएआई कार्यालय आधुनिक कम्प्यूटरों तथा प्रिंटिंग/पुनरूत्पादन उपकरणों के साथ 100 प्रतिशत आईटी सक्षम हैं। एक बार पूरी तरह प्रचालनक्षम और प्रशिक्षित होने पर, सभी कर्मचारी ई–कार्यालय का उपयोग कर सकेंगे।

खाद्य संरक्षा आयुक्त प्रतिवेदन प्रणाली अन्तःगृह विरचित की गई है।

पुस्तकालय सेवाएं – एफएसएसआई पुस्तकालय एवं संसाधन केंद्र वर्ष 2008 में स्थापित किया गया जो खाद्य संरक्षा और संबद्व क्षेत्रों के संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करता है। पुस्तकालय में खाद्य सरंक्षा से संबंधित पुस्तकों, जरनलों, पत्रिकाओं, रिपोर्टों और सांविधिक सामग्री का समृद्व संग्रह है। पुस्तकालय स्वचालन प्रयोजनों के लिए पुस्तकालय 'पूर्ण आईटी समाधान' सॉफ्टवेयर का उपयोग करता है। पुस्तकों, और पुस्तकालय की अन्य पुस्तकालय सामग्रियों के अलावा पुस्तकालय प्राधिकरण के क्रियाकलापों से संबंधित विधानों, नजीरों और अधिसूचनाओं तक पहुंच के लिए 'मनुपत्र ऑन लाइन विधि डाटाबेस' में भी अभिदान करता है।

पुस्तकालय साहित्य खोज सेवाएं, संदर्भ सेवा, इंटरनेट आधारित पुस्तकालय और सूचना सेवाएं, अंतर–पुस्तकालय ऋण सेवाएं, वर्तमान जागरूकता सेवा और फोटो कॉपी सेवा प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय ने प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा यदा–कदा आवश्यकता पड़ने पर पुस्तकों तक पहुंच बनाने के लिए ब्रिटिश काउंसिल लाईब्रेरी, अमेरिकन सेंटर लाईब्रेरी तथा डेलनेट की वार्षिक सदस्यता ली है। प्राधिकरण के अधिकारियों के हित और उपयोग हेतु पुस्तकालय सेवा के भाग के रूप में 'नियम एवं विनियम' तथा 'परामर्श मुद्दों' पर संकलन तैयार किए गए हैं। पुस्तकालय और संसाधन केंद्र को प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य स्टाफ के लिए और अधिक अर्थपूर्ण बनाने हेतु 'वर्तमान विषय सूची' और 'वर्तमान अधिग्रहण' जैसे प्रकाशन भी नियमित आधार पर तैयार किए गए हैं।

आरटीआई मामले

निम्नलिखित विवरण में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण में प्राप्त आरटीआई अनुरोधों के संबंध में तथ्य दर्शाए गए हैं :

	01–04–11 को प्रारंभिक शेष	वर्ष के दौरान प्राप्त (अन्य लोक प्राधिकरणों को हस्तांतरित मामलों सहित)	अन्य लोक प्राधिकरणों को हस्तांतरित मामलों की संख्या	निर्णय जहां अनुरोध/अपील अस्वीकार की गई	निर्णय जहां अनुरोध/अपील स्वीकार की गई
अनुरोध	0	362	09	17	शून्य
प्रथम अपील	शून्य	15	शून्य	15	शून्य

ऐसे मामलों की संख्या जहां किसी अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की गई	शून्य

पदनामित सीएपीआईओ'ज की संख्या	पदनामित सीपीआईओ'ज की संख्या	पदनामित एए'ज की संख्या
शून्य	24	5

ऐसे अवसरों की सख्या जब अनुरोध अस्वीकार करने के लिए विभिन्न प्रावधानों का आश्रय लिया गया													
आरटीआई अधिनियम, 2005 की प्रासंगिक धाराएं													
धारा 8 (1)										धाराएं			
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)	(ज)	(झ)	(ञ)	(9)	(11)	(24)	अन्य
शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

वसूल किए गए प्रभारों की राशि (रूपयों में)		
पंजीकरण शुल्क राशि	अतिरिक्त शुल्क एवं कोई अन्य प्रभार	दंड राशि
रू. 1590/–	रू. 2376/–	शून्य

अनुकूल प्रकटीकरण पीए की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने की अंतिम तिथि	23.08.2012

वित्तीय विवरण

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
वित्तीय वर्ष 2011–2012

विषय सामग्री

बैलेंस शीट
आय एवं व्यय लेखा
उपर्युक्त वित्तीय वक्तव्य की अनुसूची
प्राप्ति एवं भुगतान का वक्तव्य
लेखा की महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और नोट्स

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

31–03–2012 को बैलेंस शीट

(राशि रु.)

संचित / पूंजी निधि और देनदारियां	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
संचित /पूंजी निधि	1	87,111,775	59,302,240
आरक्षित और अधिरक्षण	2	–	–
चिह्नित और दान निधि	3	24,750,497	–
सुरक्षित ऋण और उधार	4	–	–
असुरक्षित ऋण और उधार	5	–	–
विलम्बित ऋण दायित्व	6		
वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान	7	52,964,694	11,046,809
कुल		164,826,966	70,349,049
संपत्ति			
अचल संपत्ति	8	24,750,497	14,520.205
निवेष–चिह्नित/ दान निधि से	9	–	–
निवेष –अन्य	10	–	–
वर्तमान संपत्ति, ऋण, अग्रिम आदि	11	140,076,469	55,828,844
विविध व्यय (जो लिखा नहीं गया या समायोजित नहीं किया गया)		–	–
कुल		164,826,966	70,349,049
महत्वपूर्ण लेखा नितियां	26		
आकस्मिक दायित्व और लेखा पर नोट्स	27		

मुख्य कार्यकारी अधिकारी निदेशक (ई) उप निदेशक (वित्त एवं लेखा) सहायक लेखा अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः

fssai

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

31–03–2012 को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय का लेखा

(राशि रु.)

आय	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
सेवाओं से आय	12	28,002,647	5,419,065
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार से अनुदान / सब्सिडी	13	357,827,895	323,700,000
शुल्क /अंशदान	14	–	–
निवेष से आय (निवेष पर, चिह्नित दान, फंड में हस्तान्तरित निधि से आय)	15	–	–
राजस्व, प्रकाशन आदि से आय	16	–	–
अर्जित ब्याज	17	3,172,140	990,147
अन्य आय	18	110,113	787,037
परि कृत सामान के स्टाक में बढ़ोतरी /कमी और जारी कार्य	19	–	–
कुल (ए)		389,112,795	330,896,249
व्यय			
प्रति ठापन व्यय	20	109,896,439	83,677,855
प्रशासनिक व्यय आदि	21	211,581,694	240,366,249
मरम्मत एवं रख–रखाव व्यय	22	19,304,922	12,114,208
अनुदान, सब्सिडी आदि पर व्यय	23	6,000,000	9,000,000
अवमूल्यन	24	–	3,590,998
ब्याज	25	–	15,633
कुल(बी)		346,783,055	348,764,943
व्यय के उपर आय से अधिक शेष (ए–बी)		42,329,740	(17,868,694)
विशेष रिजर्व का स्थानान्तरण		–	–
सामान्य रिजर्व से को स्थानान्तरण		–	–
संचित पूंजी निधि में डाला गया शेष अधिक कमी		42,329,740	(17,868,694)
महत्वपूर्ण लेखा नितियां	26		
आकस्मिक दायित्व और लेखा पर नोट्स	27		

मुख्य कार्यकारी अधिकारी निदेशक (ई) उप निदेशक (वित्त एवं लेखा) सहायक लेखा अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली

तिथिः



भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
31–03–2012 को बैलेंस शीट का अनुसूची बनाने वाला भाग

(राशि रु.)

अनुसूची 1– संचित/ पूंजी निधि–	**वर्तमान वर्ष**	**पिछला वर्ष**
साल के शुरु में शेष	59,302,240	77,170,934
जोड़ें–संचित /पूंजी निधि में योगदान		
जोड़ें(घटाएं).शुद्ध आय /(व्यय) स्थानान्तरित आय और व्यय लेखा	42,329,740	
कम करें–अचल संपत्ति निधि को स्थानान्तरित राषि	(14,520,205)	(17,868,694)
साल के अंत में शेष	87,111,775	59,302,240
अनुसूची 2– रिजर्व और आधिक्य–	**वर्तमान वर्ष**	**पिछला वर्ष**
1. पूंजी रिजर्व–	–	–
अंतिम लेखा के अनुसार	–	–
साल के दौरान जोड़	–	–
कटौती–साल के दौरान कटौती		–
2. पुर्नमूल्यांकन रिजर्व	–	–
अंतिम लेखा के अनुसार	–	–
साल के दौरान जोड़		
कटौती–साल के दौरान कटौती	–	–
3. विशेष रिजर्व	–	–
अंतिम लेखा के अनुसार	–	–
साल के दौरान जोड़		
कटौती–साल के दौरान कटौती	–	–
4. सामान्य रिजर्व	–	–
अंतिम लेखा के अनुसार	–	–
साल के दौरान जोड़		
कटौती–साल के दौरान कटौती		
कुल	–	–

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
31–03–2012 को बैलेंस शीट का अनुसूची बनाने वाला भाग

(राशि रु.)

अनुसूची 3– चिह्नित /दान निधि		
ए) निधि का आरंभिक शेष	**वर्तमान वर्ष**	**पिछला वर्ष**
बी) निधि में योग	अचल संपत्ति निधि	अचल संपत्ति निधि
1. दान /अनुदान	–	–
2. निधि के खाते पर बनाया गया निवेष से आय		
3. अन्य योग (प्रकृति निर्दिष्ट करें)	–	–
अ) पूंजी व्यय–योजना	–	–
ब) पूंजी व्यय–गैर–योजना	14,256,916	
स) उपहार में दी गई पूंजी	–	–
फ)जीपीएफ लेखा में डाला गया ब्याज	–	–
ज) अग्रिम का पुनर्भुगतान	–	–
4. जमा रिजर्व	–	–
5. संचित निधि से स्थानान्तरण	–	–
कुल (बी)	14,520,205	–
कुल (ए + बी)	28,777,121	–
सी) निधि के उद्देष्य के प्रति उपयोग /व्यय		
1. पूंजी व्यय	–	–
–अचल संपत्ति	–	–
–अन्य	–	–
–सेवा में नही उपयोग किए जाने वाले पदार्थों का निपटारा	–	–
–साल के दौरान अवमूल्यन	4,026,624	–
कुल	4,026,624	
2) राजस्व व्यय		–
– वेतन, मजदूरी और भत्ते आदि	–	–
–किराया	–	–
–अन्य प्रशासनिक व्यय	–	–
–स्टाफ को अग्रिम	–	–
–स्टाफ और कलाकारों को अंतिम भुगतान	–	–
–दावा नहीं किए गए शेष में स्थानान्तरण	–	–
–स्टाफ की अंतिम वापसी	–	–
कुल	–	–
	–	–
कुल (सी)	4,026,624	–
साल के अंत में शुद्ध शेष (ए +बी+ सी)	24,750,497	–

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
31–03–2012 को बैलेंस शीट का अनुसूची बनाने वाला भाग

(राशि रु.)

अनुसूची 4– सुरक्षित ऋण और उधार	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1. केन्द्र सरकार		
2. राज्य सरकार (निर्दिष्ट करें)		
3. वित्त संस्थान		
(अ) अवधि ऋण		
(ब) अर्जित ब्याज और उधार		
4. बैंक		
(अ) अवधि जमा		
–अर्जित ब्याज और ऋण		
ब) अन्य ऋण (निर्दिष्ट करें)		
–अर्जित ब्याज और उधार		
5. अन्य संस्थान और एजेंसियां		
6. डिबेन्चर और बॉन्ड		
7. अन्य (निर्दिष्ट करें)		
कुल		

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
31–03–2012 को बैलेंस शीट का अनुसूची बनाने वाला भाग

(राशि रु.)

अनुसूची 5– असुरक्षित ऋण और उधार	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1. केन्द्र सरकार		
2. राज्य सरकार (निर्दिष्ट करें)		
3. वित्त संस्थाने		
(अ) अवधि ऋण		
(ब) अर्जित ब्याज और उधार		
4. बैंक		
(अ) अवधि जमा		
ब) अन्य ऋण (निर्दिष्ट करें)		
5. अन्य संस्थान और एजेंसियां		
6. डिबेन्चर और बान्ड		
7. सावधि जमा		
8. अन्य (निर्दिष्ट करें)		
कुल		

अनुसूची 6 विलंबित ऋण दायित्व–	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
ए) पूंजी उपकरण और अन्य संपत्तियो का गिरवी द्वारा स्वीकृति		
बी) अन्य		
कुल		

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
31–03–2012 को बैलेंस शीट का अनुसूची बनाने का भाग

(राशि रु.)

अनुसूची 7– वर्तमान दायित्व और प्रावधान	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
ए) वर्तमान दायित्व		
1. स्वीकृति		
2. विविध लेनदार		
(ए) सामान/ सेवाओं के लिए (अनुसूची 7.1 के अनुसार)	23,326,288	6,073,150
(ब) अन्य (अनुसूची 7.2 के अनुसार)	11,518,981	1,555,235
3. बयाना धन जमा	721,000	590,000
4. उपार्जित ब्याज लेकिन बकाया नहीं–		
(अ) सुरक्षित ऋण उधार	–	
(ब) असुरक्षित ऋण उधार	1,300,350	1,300,350
5. सांविधिक दायित्व–	108,711	61,420
(अ) अतिदेय		
(ब) अन्य	426,676	525,703
6. अन्य वर्तमान दायित्व–	1,347,499	940,951
(अ) वेतन से कटौती		
(ब) पुराना चेक	14,215,189	
7. साल के अंत में अनुदान का खर्च नहीं हुआ शेष–		
(अ) साल के अंत में नहीं खर्च हो पाया अनुदान		
कुल (ए)	52,964,694	11,046,809
बी) प्रावधान		
1. कर के लिए		
2. ग्रैच्युटी		
3. अवकाष/ पेंषन		
4. जमा छुट्टी नकद भुगतान		
5. व्यापार वारंटी/ दावा		
6. अन्य (निर्दिष्ट करें)		
कुल (बी)		
कुल (ए+ बी)	52,964,694	11,046,809

fssai

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
31–03–2012 को बैलेंस सीट का अनुसूची बनाने का भाग

(राशि रु.)

अनुसूची 7.1–सामान सेवाओं के लिए विविध लेनदार	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
नेशनल इंस्टीट्युट ऑफ स्मार्ट गवर्नमेंट	10,637,192	.
प्रसार भारती	4,507,253	.
निदेशक, सीसीडीयु, पीएचईडी, पश्चिम बंगाल सरकार	3,039,000	.
सत गुरु प्रबंधन कनसल्टेंट प्रा. लि.	1,755,160	1,214,056
अमरचंद मंगलदास	539,471	.
बी.वी.जी. भारत लि.	.	937,695
बेदी एवं बेदी	.	897,655
ट्रैक इन्फोविजन प्रा. लि.	508,000	508,000
बाल्मेर लॉरी कं लि.	500,000	500,000
चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट इंजीनियरिंग विभाग, चेन्नई	392,845	.
नियो पोस्ट भारत	344,940	344,940
क्राउन कॉर्पोरेशन प्रा. लिं.	.	332,718
करम टैक्सी सर्विसेज	286,875	286,875
नेशनल कॉपरेटिव कंज्यूमर फेडेरेसन	189,840	189,840
सेन्ट्रल पीडब्ल्युडी	169,812	169,812
विविध लैंडस्केप एवं कन्सल्टेंट प्रा. लिं.	116,350	116,350
इम्प्रेशन डिस्ट्रिब्यूटिंग कं	103,000	103,000
इंद्रा डी नारायण एवं कं	.	80,409
एचसीएल इनफोसिस्टम लिं.	.	76,538
रिको इंडिया लि.	74,510	74,510
कंटीनेन्टल कैटरर्स एवं कन्फेक्शनर्स	58,515	58,515
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम	.	47,484
सेन्ट्रल न्यूज एजेंसी प्रा. लिं.	15,500	32,243
तन्नु ट्रांसपोर्ट एवं ट्रैवल	29,431	29,431
स्वास्तिक कंपनी	23,435	23,435
आईएसएस हाईकेयर प्रा. लिं.	22,699	22,699
इंटीग्रेटेड स्ट्रैट्जिक प्रोजेक्ट	10,805	.
क्रेसेंट स्टेशनर	.	14,680
बेल्टेक कनाडियन वाटर लि.	.	10,430
विद्युत इंजीनियरिंग	1,655	1,655
वेब क्राफ्ट इंडिया	.	180
कुल	**23,326,238**	**6,073,150**



भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
31–03–2012 को बैलेंस शीट का अनुसूची बनाने का भाग

(राशि रु.)

अनुसूची 7.2–सामान सेवाओं के लिए विविध लेनदार	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
व्यवसायिक व्यय देय	3,273,934	.
अनुबंधित स्टाफ को देय वेतन	2,831,371	.
वेतन व्यय देय	2,596,274	73,911
कार्यालय रखरखाव व्यय देय	1,264,861	.
सम्मेलन व्यय देय	739,830	1,088,790
मोटर टैक्सी किराया शुल्क देय	332,765	.
पोस्टेज एवं टेलिग्राम व्यय देय	229,128	.
लेखा शुल्क देय	90,000	.
बिजली व्यय देय	88,760	.
टेलिफोन व्यय देय	35,049	32,634
ब्याज व्यय देय	20,569	20,569
जल व्यय देय	10,500	.
किराया दर एवं कर देय	5,940	.
कुरियर व्यय देय	.	15,000
गेस्ट हाउस व्यय देय	.	11,700
प्रशिक्षण व्यय देय	.	182,094
सुरक्षा व्यय देय	.	130,537
कुल	11,518,981	1,555,235

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
31–03–2012 को बैलेंस शीट का अनुसूची बनाने वाला भाग

अनुसूची8–अचल संपत्ति		कुल संपत्तियां		अवमूल्यन						शुद्ध संपत्ति				
क्र. सं.	विवरण	विभागों का दर	वर्ष की शुरुआत में लागत मूल्यांकन	30.09.2011 तक योग	30.09.2011 तक योग	साल के दौरान कटौती	वर्ष के अंत में लागत मूल्यांकन	साल के शुरु में जैसा है	साल के दौरान आरंभिक सेस पर	साल के दौरान योग पर	साल के दौरान कटौती पर	साल के अंत तक कुल	वर्तमान साल के अंत तक	पिछले साल के अंत तक
ए.	जमीन–													
	ए) मुआफी जमीन	0%	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	ब) पट्टे पर	0%	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
बी	भवन													
	ए) मुआफी जमीन पर	0% 0%	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	ब) पट्टे की जमीन पर		–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
सी	संयत्र, मशीनरी एवं उपकरण			–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	प्रयोगशाला उपकरण	15%	493,169	587,408	2,069,140	–	3,149,717	42,917	67,538	243,297	–	353,751	2,795,966	450,251
	पानी का पाइप	15%	1,235000	–	–	–	1,235,000	92,625	171,356	–	–	263,981	971,019	1,142,375
डी	वाहन–एम्बेसडर कार	15%	563,772	–	–	–	563,772	261,904	45,280	–	–	307,184	256,588	301,868
ई	फर्निचर एवं फिक्सर	10%	2,134,951	660,663	583,676	–	33,79,290	357,916	177,704	95,250	–	630,869	2,748,421	1,777,035
एफ	कार्यालय उपकरण													
	1)इलेक्ट्रॉनिक अटेंडेंस मशीन	15%	80,608	–	–	–	80,608	15,662	9,742	–	–	25,404	55,204	64,946
	2)फोटोकॉपी मशीन	15%	1,860110	–	–	–	1,860,110	345,664	227,167	–	–	572,831	1,287,279	1,514,446
	3)रेफ्रिजरेटर	15%	116,095	64,765		–	180,860	15,657	15,066	9,715	–	40,437	140,423	100,438
	4)स्कैनिंग मशीन	15%	156,750	–	–	–	156,750	33,505	18,487	–	–	51,992	104,758	123,245
	5)वैक्युम क्लीनर	15%	7,790	–	–	–	7,790	2,162	844	–		3,006	4,784	5,628
	6)वीजीए स्वीचर एवं स्पलिटर	15%	39,600	11,240	–	–	50,840	7,202	4,860	1,686	–	13,748	37,092	32,398
	7)बीटल ट्वीन फोन	15%	7,228	3,703	–	–	10,931	2,618	692	555	–	3,865	7,066	4,610
	8मोबाईल फोन	15%	96,699	41,840	46,123	–	184,662	28,876	10,173	9,735	–	48,785	135,877	67,822
	9)तार रहित फोन	15%	8,476	–	–	–	8,476	3,291	778	–	–	4,068	4,408	5,185
	10)फैक्स मशीन	15%	214,810	15,120	–	–	229,930	49,000	24,871	2,268	–	76,140	153,790	165,810
	11)गिजर ए सी	15%	16,042	–	–	–	16,042	6,228	1,472	–	–	7,700	8,342	9,814
	12)माइक्रोवेव	15%	13,350	–	–	–	13,350	4,690	1,299	–	–	5,989	7,361	8,660
	13)ऑयल फिल्ड रेडियेटर	15%	25,365	–	–	–	25,365	8,443	2,538	–	–	10,982	14,383	16,992
	14)वोल्टेज स्टैबलाइजर	15%	25,950	–	–	–	25,950	8,265	2,653	–	–	10,917	15,033	17,685
	15)वाटर डिस्पेंसर	15%	20,500	–	–	–	20,500	4,098	2,460	–	–	6,558	13,942	16,401

	16)आडियो कॉनफ्रेंस सिस्टम	15%	1,051,812	–	–	–	1,051,812	350,127	105,253	–	–	455,379	596,433	701,685
	17)एलसीडी टीवी	15%	1,686,109	29,000	–	–	1,715,109	445,358	186,113	4,350	–	635,821	1,079,288	1,240,751
	18)प्लाज्मा टीवी	15%	2,568,875	–	–	–	2,568,875	884,753	252,618	–	–	1,137,371	1,431,504	1,684,122
	19)टाटा स्काई एवं ईपीआरएस सिस्टम	15%	29,495	–	–	–	29,495	8,345	3,172	–	–	11,518	17,977	21,150
	20)सएमेन हाई पाथ 1150 डिजीटल)एवं आप्टीप्वाइंट	15%	301,573	29,970	–	–	331,543	109,041	28,880	4,496	–	142,416	189,127	192,532
	21)स्पीकर	15%	14,350	–	–	–	14,350	3,982	1,555	–	–	5,537	8,813	10,367
	22)डिजीटल कैमरा	15%	83,050	–	–	–	83,050	14,945	10,216	–	–	25,161	57,889	68,105
	23)ऑफिस एप्लायंस	15%	25,363	38,164	–	–	63,527	5,421	2,991	5,725	–	14,137	49,390	19,942
	24)ब्लू रे डिस्क प्लेयर	15%	99,000	–	–	–	99,000	14,850	12,623	–	–	27,473	71,528	84,150
	25)एलसीडी प्रोजेक्टर	15%	162,000	–	–	–	162,000	24,300	20,665	–	–	44,955	117,045	137,700
	26)कुलर	15%	72,000	5,722	–	–	77,722	5,400	9,990	858	–	16,248	61,474	66,600
	27)फ्रैंकिंग मषीन	15%	344,940	–	–	–	344,940	25,871	47,860	–	–	73,731	271,208	319,069
	27)श्रेडर	15%	8,677	–	–	–	8,677	651	1,204	–	–	1,855	6,822	8,026
	28)वसिकुलर एवं डीप फ्रिजर	15%	68,000	107,437	–	–	175,437	5,100	9,435	16,116	–	30,651	144,786	62,900
	29)फोन	15%	3,600	–	1,995	–	5,595	3,600	–	150	–	3,750	1,845	अ
	30)डीवीडी राइटर	15%	4,239	–	–	–	4,239	4,239	–	–	–	4,239	–	–
	40)टाटा स्काई	15%	3,099	4,523	–	–	7,622	3,099	–	678	–	3,777	3,845	–
	41)टाटा वाकी वायरलेस फोन	15%	1,500	–	–	–	1,500	1,500	–	–	–	1,500	–	–
	42)वाल क्लॉक	15%	1,181	–	–	–	1,181	1,181	–	–	–	1,181	–	–
जी	कम्प्यूटर पेरिफेरल				–	–						–	–	–
	1)कम्प्यूटर	60%	5,766,892	193,768	130,514	460,230	5,630,944	3,734,481	943,309	155,415	138,065	4,695,139	935,804	1,572,181
	2)यूपीएस	15%	527,491	9,561	207,749	–	744,801	190,447	50,557	17,015	–	258,019	486,782	337,044
	3)प्रटर एवं स्कैनर	15%	1,849,356	91,561	–	–	1,940,917	924,632	138,709	13,734	–	1,077,075	863,842	924,724
	4)सस्को 2821 सिक्युरिटी बंडल	15%	171,306	–	–	–	171,306	36,617	20,204	–	–	56,820	114,486	134,691
जी	5)कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर	60%	972,999	11,300	31,875	–	1,016,174	497,998	285,001	16,343	–	799,341	216,833	475,001
	6)लाइब्रेरी सॉफ्टवेयक सिस्टम	60%	228,800	–	–	–	228,800	164,736	38,438	–	–	203,174	25,626	64,064
	7)नेटवर्किंग उकरण	15%	352,570	–	–	–	352,570	50,616	45,293	–	–	95,909	256,661	301,955
	8)वेब कैम	15%	18,900	–	–	–	18,900	4,843	2,109	–	–	6,952	11,948	14,057
एच	लाइब्रेरी बुक्स	100%	887,861	89,365	445,851	–	1,423,077	634,010	253,851	312,291	–	1,200,151	222,926	253,851
